दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 142 सीकर, मंगलवार 21 जुलाई 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

## भूमि कन्वर्जन रिपोर्ट के नाम पर 15 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए बाड़मेर जिले के धनाऊ तहसील अंतर्गत ईटादा पटवार मंडल के पटवारी संजयकुमार मीणा को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। आरोपी ने कृषि भूमि के कॉमर्शियल कन्वर्जन के लिए मौका रिपोर्ट पेश करने और आगे की कार्रवाई में सहयोग करने की एवज में परिवादी से 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसमें से 5 हजार रुपए पहले ही ले चुका था जबकि शेष 15 हजार रुपए लेते समय एसीबी ने उसे दबोच लिया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि एसीबी चौकी बाड़मेर को शिकायत मिली थी कि ग्राम ईटादा स्थित कृषि भूमि के कॉमर्शियल कन्वर्जन के लिए परिवादी और उसके भाई द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया था। तहसीलदार धनाऊ ने मौका जांच और रिपोर्ट के लिए संबंधित पटवारी को आदेश जारी किए थे। आरोप है कि पटवारी संजयकुमार मीणा ने मौका निरीक्षण कर रिपोर्ट पेश करने तथा कन्वर्जन की अग्रिम कार्रवाई में सहयोग करने के बदले 20 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। सत्यापन के दौरान 17 जुलाई को आरोपी ने 5 हजार रुपए ले लिए थे और शेष 15 हजार रुपए बाद में लेने पर सहमति बनी थी। शिकायत का सत्यापन होने के बाद एसीबी रेंज जोधपुर के उप महानिरीक्षक नारायण टोगस के सुपरविजन में बाड़मेर एसीबी इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र कुमार और पुलिस निरीक्षक देवाराम के नेतृत्व में ट्रैप कार्रवाई की गई। टीम ने आरोपी पटवारी को परिवादी से 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## सात वर्ष की बच्ची के गले में फंसा सिक्का
### बीडीके अस्पताल की टीम ने बिना चीरे से ऑपरेशन कर निकाला

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** जिले के सबसे बड़े बीडीके अस्पताल, झुंझुनू के पीएमओ एवं वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ जितेन्द्र भाम्बू ने बताया कि चिड़ावा के पास गूगोजी की ढाणी निवासी सात वर्षीय बच्ची की भोजन नली के ऊपरी भाग में सिक्का फंस गया था। बीडीके अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने एंडोस्कोपी की सहायता से सिक्के को सफलतापूर्वक निकालकर उसे संभावित गंभीर जटिलताओं से बचाया। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा कृष्णिया ने प्रमुख विशेषज्ञ डॉ राजेन्द्र पायल, डॉ दुष्यंत बसेरा के मार्गदर्शन में सिक्का निकालकर उपचार किया। एंडोस्कोपिक प्रक्रिया के द्वारा बिना किसी बाहरी चीरे के विशेष उपकरणों की सहायता से सिक्का सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया। प्रक्रिया पूर्णतः सफल रही तथा उपचार के बाद बच्ची की स्थिति सामान्य एवं स्थिर है। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा कृष्णिया ने बताया कि बच्चों में सिक्के, बटन, बैटरी एवं अन्य छोटी वस्तुएँ निगलने की घटनाएँ आम हैं। ऐसी स्थिति में घरेलू उपाय करने या जबरन कुछ खिलाने-पिलाने के बजाय तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचना चाहिए क्योंकि समय पर उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।



इस सफल एंडोस्कोपिक प्रक्रिया को सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से संपन्न करने में ईएनटी विभाग, एनेस्थीसिया टीम, ऑपरेशन थिएटर स्टाफ का सहयोग रहा। ईएनटी विशेषज्ञ डॉ प्रतिभा ने बताया कि बीडीके जिला अस्पताल झुंझुनू के पीएमओ डॉ जितेन्द्र बाम्बू के मार्गदर्शन एवं सतत सहयोग का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी के उत्कृष्ट समन्वय, तत्परता, समर्पण एवं टीमवर्क से यह उपचार सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।





# पुलिस ने कॉकरोच जनता पार्टी समर्थकों को जंतर-मंतर से हटाया
## सीजेपी बोली- निहत्थों को पीटा, संसद मार्च में भी लाठीचार्ज

नई दिल्ली।

कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलनकारियों को जंतर-मंतर से हटा दिया गया है। पुलिस ने मंच खाली करा लिया है और टेंट भी निकाल दिए हैं। प्रदर्शनकारियों को जंतर-मंतर के बाद कनॉट प्लेस से भी खदेड़ दिया गया है। इस दौरान पुलिस ने जबरदस्त लाठीचार्ज भी किया। उधर, सीजेपी ने पहले दावा किया था कि अभिजीत दीपके को हिरासत में ले लिया गया। लेकिन बाद में पुलिस और सीजेपी दोनों ने इस बात से इनकार कर दिया। सोमवार सुबह 8 बजे से शुरू हुए प्रदर्शन में पुलिस के लाठीचार्ज और झड़प में कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए। मामला तब बढ़ गया, जब आंदोलनकारी सुबह 10 बजे बैरिकेड तोड़कर पार्लियामेंट की तरफ बढ़े। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके बाद प्रदर्शनकारी संसद के करीब पहुंच गए।

प्रदर्शनकारियों ने संसद में घुसने की कोशिश की। इसे देखते हुए संसद की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मेन गेट को बंद कर दिया गया। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। देर शाम तक चले हंगामे के बीच प्रदर्शन कर रहे लोगों और पुलिस के पथराव की तस्वीरें भी सामने आईं।

पुलिस के एक्शन के बाद इसके बाद भीड़ तितर-बितर हो गई। जब बाहर ये हंगामा चल रहा था उस वक्त पीएम समेत सभी सांसद संसद में मौजूद थे।

इस पूरे घटनाक्रम के बीच कॉकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधि जेपी नड्डा से मिले। इनका दावा है कि नड्डा ने उन्हें यह भरोसा दिलाया है कि जंतर-मंतर और उसके आस-पास अब कोई कार्रवाई नहीं होगी।

## सीजेपी के प्रोटेस्ट पर बोले राहुल- मोदी युवाओं के सबसे बड़े विरोधी

प्रधानमंत्री मोदी भारत के इतिहास के सबसे युवा-विरोधी प्रधानमंत्री हैं। इतने युवा विरोधी कि एक नाकाम शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी नहीं ले सकते। 152 पेपर लीक। 7 .5 करोड़ छात्र पीड़ित। और सज़ा एक दोषी को भी नहीं। सजा किसे मिली मेहनती युवाओं को। और जब इन बच्चों ने शिक्षा के जायज़ सवाल उठाए - तो जवाब में मिली लाठी और हिरासत। लीक करने वाले अपराधी आज़ाद - और वाजिब मुद्दे उठाने वाले छात्र घसीटे जाते हैं, पीटे जाते हैं। यह सरकार सिर्फ़ युवाओं को नाकाम नहीं कर रही - उनपर टूट पड़ी है।

## सोनम वांगचुक बोले- बर्बरता देखने के बाद अनशन जारी रखूंगा

सफदरजंग हॉस्पिटल से सोनम वांगचुक ने हाथ से लिखा संदेश भेजा है। इसे उनके एक्स हैंडल पर शेयर किया गया है। पोस्ट में लिखा है- मैं तब तक अनशन जारी रखूंगा, जब तक युवा नेताओं को संसद भवन में सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं मिल जाती, या फिर मुझे यहां अस्पताल में ही सांसदों से मिलने की अनुमति नहीं दी जाती। मुझे उम्मीद है कि सरकार शिक्षा मंत्री की जवाबदेही तय करेगी, उससे पहले नहीं। युवाओं ने उकसावे के बावजूद जिस तरह शांति बनाए रखी, उससे मैं बहुत प्रभावित और भावुक हूं। मैं सरकार और पुलिस से अपील करता हूं कि इस मुद्दे का समाधान सिर्फ इतना करके करें कि आज या कल छात्रों को संसद के सामने अपनी शिकायतें रखने की अनुमति दे दें। मुझे पूरा विश्वास है कि युवा प्रदर्शनकारी कल भी वही धैर्य और सहिष्णुता दिखाएंगे।

## कलयुगी बेटे ने कुल्हाड़ी से वार कर पिता को उतारा मौत के घाट

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा उपखंड क्षेत्र में हत्या की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। एक सप्ताह के भीतर दूसरी हत्या की घटना सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ताजा मामला पांचू थाना क्षेत्र के जांगलू गांव का है, जहां एक कलियुगी बेटे ने कथित रूप से अपने ही पिता की कुल्हाड़ी से हमला कर हत्या कर दी। गांव की एक ढाणी में किसी बात को लेकर 50 वर्षीय गंगाविशन बिश्नोई और उसके बेटे राजाराम बिश्नोई के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में बेटे ने कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार कर पिता को गंभीर रूप से घायल कर दिया। गंभीर चोटों के कारण गंगाविशन की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर सीओ जरनैल सिंह और पांचू थानाधिकारी ईश्वर जांगिड़ पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे

पुलिस ने घटनास्थल का मौका-मुआयना कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा आरोपी युवक राजाराम बिश्नोई को राउंडअप कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पांचू अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया है। मामले की जांच जारी है और हत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है। गौरतलब है कि पांच दिन पहले ही नोखा के पंचारिया चौक में भाई द्वारा भाई की हत्या की घटना सामने आई थी। एक सप्ताह में दूसरी हत्या की वारदात ने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और आपराधिक घटनाओं को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

## ऑपरेशन के नाम पर रिश्वत लेते जूनियर सर्जन गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए राजसमंद के आरके जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन कराने की एवज में रिश्वत लेने वाले जूनियर सर्जन को गिरफ्तार किया। आरोपित चिकित्सक ने मरीज के परिजनों से ऑपरेशन के लिए दो हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी, जिसमें सौदा 1 हजार 800 रुपए में तय हुआ था। एसीबी ने शेष 1 हजार 300 रुपए लेते समय चिकित्सक को दबोच लिया। एसीबी राजसमंद के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मत सिंह चारण ने बताया कि आरके जिला चिकित्सालय में कार्यरत जूनियर सर्जन डॉ पंकज जैन के खिलाफ शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि आंख के पास होने वाले ऑपरेशन के लिए डॉक्टर ने मरीज के परिजनों से दो हजार रुपए की रिश्वत मांगी। बाद में दोनों पक्षों के बीच 1 हजार 800 रुपए में सहमति बनी और 500 रुपए अग्रिम दे दिए गए। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने ट्रैप कार्रवाई की। योजना के तहत पीड़ित 1 हजार 300 रुपए लेकर डॉक्टर के पास पहुंचा। जैसे ही डॉक्टर ने रिश्वत की राशि स्वीकार की, पहले से मौजूद एसीबी टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। हाथ धुलवाने पर रासायनिक परीक्षण में रंग आने से रिश्वत लेने की पुष्टि हुई। टीम ने रिश्वत की राशि जब्त कर आरोपी चिकित्सक को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई के बाद एसीबी ने आरोपी के कार्यालय की भी तलाशी ली। वहीं आरके जिला चिकित्सालय प्रशासन ने डॉक्टर का सेवा रिकॉर्ड तलब किया है। आरोपी को मंगलवार को एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा। एसीबी के अनुसार आरके जिला चिकित्सालय में ऑपरेशन के नाम पर रिश्वत मांगने और डॉक्टरों के कथित निजी एजेंटों के सरकारी अस्पताल में सक्रिय रहने की शिकायतें पहले भी सामने आ चुकी हैं। इन शिकायतों के बाद राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने अस्पताल का निरीक्षण किया था और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिए थे।

## जनभावनाओं की अनदेखी कर नाम परिवर्तन करना संविधान की मूल भावना के विरुद्ध है : ओला

हर्ष सोनी




**झुंझुनू (नवयत्न)।** लोकसभा क्षेत्र से सांसद बृजेन्द्र सिंह ओला ने सोमवार को नियम 377 के अंतर्गत झुंझुनू जिले के ग्राम इस्लामपुर के नाम परिवर्तन का मामला लोकसभा में उठाया। सांसद ओला ने कहा कि इस संबंध में राजस्थान सरकार द्वारा जिला कलेक्टर से रिपोर्ट मांगी गई है। यह विषय स्थानीय जनता की भावनाओं, विधिक प्रावधानों तथा प्रशासनिक प्रक्रिया से प्रत्यक्ष रूप से जुड़ा हुआ है। किसी भी गांव का नाम परिवर्तन केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं होता बल्कि उससे वहां के निवासियों की पहचान, राजस्व एवं अन्य सरकारी अभिलेख तथा जनहित से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण पहलू प्रभावित होते हैं। इस प्रस्ताव को लेकर ग्रामवासी आंदोलनरत एवं उद्वेलित हैं। सांसद ओला ने कहा कि किसी भी निर्णय से पूर्व सभी वैधानिक एवं संवैधानिक प्रक्रियाओं का पूर्णतः पालन किया जाना आवश्यक है। विशेष रूप से संबंधित ग्राम सभा के साथ व्यापक विचार-विमर्श कर स्थानीय निवासियों की राय एवं सहमति प्राप्त की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं की अनदेखी कर किसी गांव का नाम परिवर्तन करना संविधान की मूल भावना तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। इसलिए ग्रामवासियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए तथा सभी वैधानिक प्रावधानों, ग्राम सभा की अनुशंसा एवं स्थानीय निवासियों की सहमति सुनिश्चित किए बिना ग्राम इस्लामपुर का नाम परिवर्तन किसी भी सूरत में नहीं किया जाना चाहिए।

## फायरमैन मीणा ने आयुक्त पर लगाये परेशान करने के आरोप, आयुक्त ने किया इंकार
### बबीता ने कहा- जान बूझकर रोक रखे हैं लोगों के पीएमएवाई योजना की किश्तों के पैसे


निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच इन दिनों कुछ सामान्य सम्बंध नहीं चल रहे। जिसके चलते आरोप-प्रत्यारोप और प्रताड़ना की बातें कही जाने लगी हैं। हाल ही में नगरपरिषद आयुक्त का चार्ज 14 जुलाई को सहायक अभियंता चारवी को मिला था। उसके अगले दिन 15 जुलाई को कुछ निवर्तमान पार्षद आयुक्त के पास पहुंचे और प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्तें लोगों को समय से नहीं मिलने का मुद्दा उठाया। उसके बाद अगले दिन आयुक्त चारवी ने फायरमैन बबीता मीणा को अपने कार्य के साथ-साथ पेंशन, जन आधार, राशन कार्ड आदि के कार्य भी देखने का प्रभार सौंपा। साथ ही फायरमैन सुनील विश्नोई को आरटीआई, लोकायुक्त, पीएमएवाई, ट्रेड लाईसेंस, राजस्व शाखा आदि कार्य देखने के आदेश दिए। इस आदेश के बाद 17 जुलाई के दिन आयुक्त द्वारा अभद्र व्यवहार किए जाने की शिकायत फायरमैन बबीता मीणा ने उपखंड अधिकारी को की है। सोमवार को फायरमैन बबीता मीणा की ओर से उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को सौंपी गई शिकायत में बताया गया है कि मैं पिछले पांच सालों से अपने पद का दायित्व अलग अलग कार्यभार पर नगरपरिषद में निभाती आई हूं। लेकिन जबसे सहायक अभियंता चारवी के पास आयुक्त का चार्ज आया है, तबसे वो मुझे अपने कार्यस्थल से हटाकर अपने मन पंसद कार्मिकों को लगाती है और मेरे कार्यभार को बार-बार बदला जाता है। बिना किसी लिखित व प्रशासनिक कारण के मुझे बार-बार अपने पद से हटाकर दूसरी जगह चार्ज दिया जाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का काम किया जाता है। बबीता मीणा ने उपखंड अधिकारी को बताया है कि 17 जुलाई को मैं इस बात का उलाहना देने आयुक्त के चैम्बर में गई, तो वो मुझ पर भड़क गई और जातिवादी मानसिकता से प्रेरित होकर मेरे साथ अभद्र व्यवहार करते हुए कहा कि जितने दिन मैं हूं, उतने दिन तो यही चलेगा। कोई नया आयुक्त आये, तो बदलवा लेना। बबीता का आरोप है कि ऐसा कहकर उन्होंने गार्ड को बुलवाया और अपने कमरे से बाहर निकलवा दिया। स बारे में फायरमेन बबीता मीणा से बात करने पर उन्होंने बताया कि मैं प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्यरत हूं और हमारे यहां पर दो करोड़ का फंड आया हुआ है, जिसको लेकर लोग रोज हमारे कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन आयुक्त हमसे रोज-रोज लोगों से झूठ



बोलने के लिए कहती हैं, जिसके कारण हम लोग परेशान हैं और अन्य कर्मचारी बोलने से डरते हैं। हम लोगों से कब तक झूठ बालेंगे कि पोर्टल खराब है। आयुक्त अगर चाहे तो जनता के पैसे उनके खातों में किश्त के रूप में कबके चले जाते। बबीता मीणा ने आगे बताया कि मुझे बार-बार इसलिए परेशान किया जाता रहा क्योंकि मैं इस मनमर्जी में सबसे ज्यादा खटकती हूं, इसलिए आयुक्त मनमर्जी के साथ अपने पसंद के कार्मिकों को मेरे स्थान पर लगाना चाहती है। जाति सूचक शब्द करने के आरोप भी बबीता ने लगाए हैं और कहा है कि बार-बार चार्ज बदलकर मुझे परेशन किया जाता है, जिसके बारे में मैंने उपखंड अधिकारी से न्याय मांगा है। क्योंकि हम लोग कब तक जनता से झूठ बोलते रहेंगे। इस बारे में कार्यवाहक आयुक्त चारवी से बात करने पर उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को कुछ पार्षदों का ज्ञापन आया था, उस पर संज्ञान लेते हुए मैंने 16 जुलाई को बबीता व एक अन्य कर्मचारी का कार्यभार बदला है। मैंने अपने खुद के कई चार्ज बदले हैं और सरकारी कार्यालय में ऐसा होना आम बात है। दूसरी ओर कमरे से बाहर निकालने की बात पर आयुक्त ने कहा कि ऐसा बिल्कुल संभव ही नहीं है प्रत्येक कर्मचारी का सम्मान करना मैं अपना दायित्व समझती हूं। मुझ पर लगाये गये सभी आरोप निराधार हैं। मैंने केवल एक ही बार बबीता मीणा का कार्यभार बदला है। बार-बार कार्यभार बदलने के आरोप निराधार हैं। वहीं उपखंड अधिकारी और नगरपरिषद के प्रशासक ओमप्रकाश वर्मा ने कहा कि आरोप कोई कुछ भी लगा सकता है लेकिन मामले की जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अभी मामले की जांच की जा रही है। मामला चाहे जो भी हो लेकिन पीएमएवाई की किश्तों के लिए रोज लाभार्थी लोग नगरपरिषद के चक्कर काटते जरूर नजर आते हैं। बबीता मीणा द्वारा आयुक्त पर लगाए गए फंड रोकने सम्बंधी नए आरोपों से सुजानगढ़ शहर की सियासत में उबाल आता दिख रहा है।

## कोबरी-सार



# पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी नगर के हाथी पार्क में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हरित वातावरण को बढ़ावा देने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आमजन को प्रेरित भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी राजेंद्र बुरड़क थे जबकि अध्यक्षता थानाधिकारी राकेश यादव ने की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प दिलाया। डीएसपी राजेंद्र बुरड़क ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बच्चों और युवाओं में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना आवश्यक है ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सके। उन्होंने सभी नागरिकों से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी नियमित देखभाल करने की भी अपील की। इस दौरान कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण की शपथ और पौधों की देखरेख के संकल्प के साथ हुआ। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि हरिराम गुर्जर, प्रभु सैनी, एनके कौशिक, आलोक जेदिया, रमेश पांडे, अरविंद कुमार, श्याम सुंदर शर्मा, विनोद शर्मा, दिनेश शर्मा, हरीश शर्मा, दशरथ शर्मा, अनिल चौधरी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित रहे।

# सीएलजी की बैठक आयोजित

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** साइबर ठगी और यातायात नियमों की जानकारी देने के लिए रविवार देर शाम डीएसपी हरिसिंह धायल की अध्यक्षता में सीएलजी सदस्यों की बैठक बुलाई गई। थाने के सीआई उमाशंकर शर्मा के अनुसार थाना परिसर में सीएलजी सदस्यों की बैठक बुलाई गई। इसमें डीएसपी ने आये दिन हो रहे साइबर क्राइम से बचाव के लिए आमजन को जागरूक करने और होने वाले साइबर क्राइम को रोकने में पुलिस प्रशासन की मदद करने तथा मोबाइल पर लालच भरे आने वाले मैसेजों से सावधान रहने, अंजान नंबरों से आने वाले फोन काल को रिसीव नहीं करने सहित कई जानकारियां दी। साथ ही यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों की लापरवाही से होने वाले सड़क दुघर्टनाओं से बचाव हेतु यातायात नियमों का नियमित रूप से पालन करते हुए घर से बाइक, स्कूटी आदि दुपहिया वाहन लेकर चलते समय सर पर हेलमेट लगाने और क्षमता से ज्यादा लोगों को नहीं बैठाने तथा कार आदि गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने एवं वाहनों के सभी कागजात साथ रखने सहित एमवी एक्ट के नियमों के पालन की जानकारी दी। सीआई उमाशंकर शर्मा ने भी बताया कि वाहनों को आम रास्तों पर खड़ा कर यातायात अवरूद्ध नहीं करने और हेलमेट तथा सीट बैल्ट आदि का उपयोग कर नियमों का पालन करने के लिए कहा है। अगर इन नियमों का पालन नहीं किया जाता है तो उसको भारी जुर्माना राशि और एमवी एक्ट की कार्यवाही का सम्मान करना पड़ेगा। सीआई ने कस्बे के दुकानदारों से भी अपील की है कि कस्बे की यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

# चलती बस में जेब काटने वाला शातिर गिरफ्तार



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जामडोली थाना पुलिस ने चलती बस में यात्री की जेब काटकर 1.05 लाख रुपए चोरी करने वाले एक शातिर जेबकतरे को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई पूरी 1 लाख 5 हजार रुपए की राशि बरामद कर ली। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में चोरी, जुआ, आर्म्स एक्ट एवं आबकारी अधिनियम के तहत पहले से 12 मामले दर्ज हैं। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजीता शर्मा ने बताया कि पुलिस ने चलती बस में यात्री की जेब काटकर 1.05 लाख रुपए चोरी करने वाले एक शातिर जेबकतरे राजू रैगर निवासी जवाहर नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई पूरी 1.05 लाख रुपए की नकदी बरामद कर ली। पुलिस के अनुसार राजू रैगर शातिर और आदतन जेबकतरा है। उसके खिलाफ जयपुर के विभिन्न थानों में चोरी, जुआ, आर्म्स एक्ट तथा आबकारी अधिनियम के तहत 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरोपी पूर्व में मोती डूंगरी, गांधी नगर, कोतवाली, टीपी नगर, ब्रह्मपुरी, आदर्श नगर, बजाज नगर, गलता गेट और विश्वकर्मा थाना क्षेत्रों में दर्ज प्रकरणों में भी नामजद रहा है। थानाधिकारी रतन सिंह किताड़िया ने बताया कि 19 जुलाई 2026 को परिवादी कानसिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह अपने भांजे के इलाज के लिए गांव से 1.05 लाख रुपए नकद लेकर बस से जयपुर आ रहा था। जहां थाना इलाके के क्लिनिक अस्पताल के सामने बस में भीड़ का फायदा उठाकर किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी जेब काट ली और पूरी नकदी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस ने मामला दर्ज कर विशेष टीम गठित की गई। इस टीम में हेड कांस्टेबल संतोष कुमार, कांस्टेबल अनिल कुमार, सूरज और महेश शामिल थे। पुलिस ने बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और अन्य संभावित ठिकानों पर सघन तलाश की। साथ ही सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा ने डाइट के साथ मनाया स्थापना दिवस

जयशंकर जांगिड़



**झुंझुनू (नवयत्न)।** बैंक ऑफ बड़ौदा के 119वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के फाउंडेशन डे के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक ऑफ़ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख हेमराज अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि उप क्षेत्रीय प्रमुख कपिल डी. अंतानी, डाइट प्रभागाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुल्हार, एडीइओ राजेश हलवान, संस्थापन अधिकारी विक्रम शेखावत रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डाइट वाईस प्रिंसिपल सीमा सूरा ने की। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के हेमराज अग्रवाल ने बताया कि हमारा बैंक वितीय सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक सरोकार के कार्यो में भी अग्रणी भूमिका समाज में निभाता है। डाइट वाइस प्रिंसिपल सीमा सूरा ने बैंक ऑफ़ बड़ौदा की ग्रीन एनवायरमेंट के तहत वृक्षारोपण की पहल का स्वागत करते हुए पूरे टीम को डाइट का चयन फाउंडेशन डे के कार्यक्रम के लिए करने के लिए आभार व्यक्त किया। डाइट प्रभागाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुल्हार ने कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण के द्वारा पर्यावरण संरक्षण, हरित एवं स्वच्छ वातावरण तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के सुरेश सैनी ने वित्तीय जागरूकता अभियान के अंतर्गत बैंक की विभिन्न योजनाओं, उत्पादों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा बैंकिंग सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में विधि, विकास, अंजू सैनी, अंजू, सुरेंद्र, हितेन्द्र चोमल, श्रीराम, शशिकांत, जयप्रकाश, मनोज इंडोलिया सहित डाइट स्टाफ एवं बैंक ऑफ बड़ौदा के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी और डाइट के छात्राध्यापक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# भव्य कवि सम्मेलन, मुशायरे में कविता एवं शायरी की महक से श्रोता हुए आनंदित

निसं



**बीकानेर (नवयत्न)।** स्वर श्रृंगार कला केंद्र समिति की तरफ से कीर्तिशेष भजन गायक फकीरचंद मोदी की पावन स्मृति में स्वर श्रृंगार साहित्य सम्मान 2026 का आयोजन स्थानीय महाराजा नरेंद्र सिंह ऑडिटोरियम, नागरी भण्डार में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ गायक कलाकार पूनम मोदी ने बताया कि कीर्तिशेष भजन गायक फकीरचंद मोदी की स्मृति में राजस्थानी, हिंदी व उर्दू साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए क्रमशः वरिष्ठ कवि कथाकार कमल रंगा, कवयित्री कथाकार डॉ मेघना शर्मा व जयपुर के नौजवान शायर शफीक़ अहमद वारसी को स्वर श्रृंगार साहित्य सम्मान 2026 अर्पित किया गया। सम्मान के क्रम में तीनों शख्सियतों को शॉल, श्रीफल, सम्मान पत्र एवं माल्यार्पण से सम्मानित किया गया। सम्मान से अभिभूत होते हुए कमल रंगा, डॉ मेघना शर्मा एवं शफीक़ अहमद वारसी ने संस्थान का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि इस सम्मान से वे अपनी जिम्मेदारी बढ़ी हुई महसूस कर रहे हैं एवं इस जिम्मेदारी पर खरा उतरने की भरपूर कोशिश करेंगे। सम्मानित हुए तीनों रचनाकारों की रचनाओं को भी भरपूर सराहना मिली। कार्यक्रम समन्वयक वरिष्ठ शायर कहानीकार क़ासिम बीकानेरी ने बताया कि इस अवसर पर पिछले दिनों दिवंगत हुए मशहूर उर्दू शायर मरहूम बशीर बद्र की याद में एक भव्य कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ शायर रमजान राजजामी ने कहा कि समिति ने इस कार्यक्रम के जरिए बीकानेर की सर जमीन में गंगा जमुनी संस्कृति को बढ़ाने का मोहब्बत भरा काम किया है। मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं पूर्व पार्षद शांतिलाल मोदी ने कहा कि आज के कवि सम्मेलन में कवियों और शायरों ने एक से बढ़कर एक उम्दा रचनाएं प्रस्तुत करके भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संगीतकार गुलाम मोहम्मद पाक़ीजा फैम के सुपुत्र मुमताज अहमद ने कहा कि समिति का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय प्रयास है, इससे साहित्यकारो को प्रोत्साहन मिलता है एवं समाज को साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से मार्गदर्शन मिलता है। आयोजक संस्था के अध्यक्ष पूनम मोदी ने सभी अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रतिभावान रचनाकारों का सम्मान करना समाज का उत्तरदायित्व है। समिति साहित्यकारों के सम्मान में भविष्य में ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित करवाके साहित्यकारों का मान सम्मान करती रहेगी। कार्यक्रम में मरहूम बशीर बद्र की पोती सुब्ह बद्र और क़ासिम बीकानेरी ने बशीर बद्र के उम्दा कलाम को बेहतरीन अंदाज में पेश करके श्रोताओं से भरपूर तारीफें पाई। कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में नगर के चुनिंदा लगभग डेढ़ दर्जन रचनाकारों ने अपनी हास्य व्यंग्य ओज, करुणा एवं श्रृंगार रस की कविताओं एवं शायरी से श्रोताओं को लुत्फअंदोज कर दिया और वाह वाह कहने पर मजबूर कर दिया। कविता पाठ करने वाले रचनाकारों में कासिम बीकानेरी, वली मोहम्मद गौरी, सागर सिद्दीकी, मुहम्मद मोइनुद्दीन मुईन, राजेन्द्र स्वर्णकार, मनीषा आर्य सोनी, बाबू बमचकरी, डॉ कृष्णा आचार्य, कैलाश टाक, ज्योति स्वामी व विप्लव व्यास शामिल थे। इससे पूर्व कार्यक्रम के अतिथियों एवं संस्था पदाधिकारियों द्वारा मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं डॉ कृष्णा आचार्य द्वारा सरस्वती वंदना करके कार्यक्रम का आगाज किया गया। कार्यक्रम में अमित गोस्वामी, संतोष तिवाड़ी, मोहम्मद तारीक, सलीम भाटी, बशीर बद्र की पुत्रवधू परवीन एवं अन्य परिजन, व्यंग्यकार आत्माराम भाटी, गंगा बीसन बिश्नोई, सुशील शर्मा, गोपाल गोतम, अशोक सेन, गिरिराज पारीक, याकूब भाटी, सुरेश मदान, शमीम अहमद शमीम, जवाहर जोशी, वसीम जामी, एम. रफीक कादरी, कुमार महेश, लोक गायक मदन जेरी, जहीर चांदवानी, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद अली मुगल, सय्यद अखतर अली, मंजू शर्मा, कृष्ण लाल, राजेश सांखला, शैलेंद्र चौहान, गोपाल व्यास कुंठित, फिल्म निर्देशक अमरजीत सिंह गिल, सुनील शादी व छोटू खान सहित अनेक लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का सरस संचालन वरिष्ठ कवि कथाकार कासिम बीकानेरी ने किया।

# छह दिवसीय शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारम्भ



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड के बसई स्थित खेड़ा धाम आश्रम में छह दिवसीय शिव परिवार मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ किया गया। महंत ज्योति नाथ के सानिध्य में पंडित अभिमन्यु पाराशर के आचार्यत्व में चल रहे 6 दिवसीय शिव परिवार की मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा निकाली गई। इस मौके पर गाजे-बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा धाम से शुरू होकर गांव के प्रमुख मार्गो से गुजरी। इस मौके पर पूजा में मुख्य यजमान डॉ बृजमोहन शर्मा व ललित शर्मा ने पूजन करवाया। पंडित अभिमन्यु पारासर ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर मन को शुद्ध करना चाहिए। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा दिया गया है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को गौ माता की सेवा करने से पुण्य को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा सबसे बड़ा धर्म माना गया है। शास्त्रों के अनुसार गाय का दान करना भी मनुष्य जीवन में अति महत्वपूर्ण माना गया है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को जीव जंतुओं की रक्षा के लिए आगे आकर कार्य करने चाहिए। मनुष्य की पवित्र आत्मा एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भगवान की दृष्टि को पाया जा सकता है। मनुष्य को अपने जीवन में शुद्ध एवं सहकारी होना चाहिए ताकि ईश्वर अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाकर रख सकें। हिंदू धर्म में देवी-देवताओं पूजन मात्र से ही दया दृष्टि को हासिल किया जा सकता है। महिलाओं की ओर से निकाली गई कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर के कस्बे के मुख्य मार्ग से होती हुई वापस मंदिर परिसर में पंहुची। इस दौरान ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर ललित शर्मा, मंगतूराम तंवर, दिलीप शर्मा, अजय कुमार, रामनिवास, अक्षय कुमार, मोतीलाल, शीशराम, शेर सिंह, अजीत, सतीश कुमार, अमित कुमार, विमला देवी, सरोज, अनिता, संतरा, निर्मला, कंचन, ऊषा, सुनीता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# सीएलजी बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** खेतड़ी नगर पुलिस थाना परिसर में सीएलजी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता खेतड़ी डीएसपी राजेंद्र बुरड़क और थानाधिकारी राकेश यादव ने की। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सीएलजी सदस्यों के साथ संवाद कर कस्बे की विभिन्न स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली और उनके त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। बैठक में सरपंच प्रतिनिधि हरीराम गुर्जर ने कहा कि केसीसी के टेलिंग डेम कुछ आवारा लड़के घूमने का बहाना बनाकर आते है और हुड़दंग करते है। इस दौरान टेलिंग डैम पर बड़ा हादसा होने का भय बना रहता है। इसके अलावा केसीसी के नर्सरी स्कूल और लाइब्रेरी में भी आवारा लड़के नशे आदि का सेवन करते है। समाजसेवी बाबूलाल सैनी ने बैठक में कहा कि शहीद धर्मपाल सैनी की मूर्ति से लेकर गुर्जर धर्मशाला सड़क पर ब्रेकर नहीं होने से हादसे का अंदेशा रहता है। सड़क पर कोई दुर्घटना ना हो इसलिए ब्रेकर बनाया जाए, पूरी सड़क पर कही भी रोशनी नही होने से वारदात होने का भी भय रहता है। इसलिए सड़क पर लाइट की व्यवस्था करवाई जाए। डीएसपी राजेंद्र बुरड़क ने कहा कि पुलिस को अपराध रोकने के लिए आमजन का सहयोग होना बहुत जरूरी है। इसलिए कोई भी संदिग्ध गतिविधियां दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने की अपील की। इस मौके पर फतेह सिंह बड़ाऊ, प्रभु सैनी, राजेश कुमार, आलोक जैदिया, अरविंद कुमार, सुभाष चनानिया, श्याम सिंह चौहान, सुधीर कुमार, अशोक कुमार तातीजा, मुकेश कुमार तातीजा, दाता राम गुर्जर, महेश कुमार मनोता, किशोरी लाल सिराधना, दिनेश कुमार सैनी, नरेश कुमार, केदारमल खिची, बजरंग सिंह, राम सिंह गुर्जर, होशियार सिंह, विनोद कुमार शर्मा, सुभाष चंद्र, नासिक हुसैन, घीसाराम मीणा, दयाराम सरपंच, एन के कौशिक, श्याम सुंदर शर्मा, कुलदीप, उत्तम प्रकाश, हरीश कुमार, विकास सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री से की नगरपरिषद में रिक्त पदों को भरने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद में रिक्त पदों को भरे जाने की मांग को लेकर निवर्तमान पार्षद रेंवतमल पंवार ने मुख्यमंत्री की जन सुनवाई में पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में पंवार ने बताया है कि सुजानगढ़ नगरपरिषद में आयुक्त, राजस्व अधिकारी द्वितीय, सहायक अभियंता, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक सहायक लेखाधिकारी द्वितीय, कनिष्ठ अभियंता सहित बड़ी संख्या में पद रिक्त पड़े हैं, इसलिए इन तमाम पदों पर कर्मचारी लगाए जावें ताकि जनता को राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपते वक्त रोहित, राजू तेजी, ओमप्रकाश जेदिया, सुरेश कुमार, राहुल, बिट्ठू, मोहन, मोहित राव, लक्ष्मण सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# विभुति ने दसवीं की द्वितीय बोर्ड परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया टॉप

सुरेन्द्र शर्मा




**झुंझुनू (नवयत्न)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, दिल्ली द्वारा घोषित दसवीं के द्वितीय बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में झुंझुनू के एस एस मोदी विद्या विहार ने उत्कृष्ट परिणाम देते हुए शहर में अपना वर्चस्व कायम रखा है। अव्वल परिणाम को देखकर विद्यालय के प्रबन्धन, स्टाफ, अभिभावक एवं छात्र-छात्राओं में खुशी का माहौल है। प्राचार्य विजय मसीह ने दसवीं के उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए टॉपर्स की घोषणा की। उन्होंने बताया कि दसवीं में विभुति हरितवाल ने 98 प्रतिशत, आरवी चौधरी ने 95 प्रतिशत, आराध्या ने 93, दृष्टि वर्मा ने 92.2, अनन्या चौधरी, मीहल जांगिड़ ने 92, अमन, भाग्यश्री ने 91.2, दर्श, खुशी, निकुंज खेतान, मान्या सैनी ने 91, जिव्यंका, सक्षम पूनियां, सक्षम राणासरिया ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया हैं। विद्यालय के पचपन विद्यार्थियों ने अपने विषयों में विशेष योग्यता हासिल की।

अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को समारोह में सम्मानित किया जाएगा। बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम 2026 को देखकर विद्यालय में जश्न का माहौल बना हुआ है। बच्चों ने बेहतर परिणाम देकर विद्यालय व परिजनों का नाम रोशन किया है।

विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम देने पर शहर के सभी गणमान्य विभुतियों के साथ-साथ विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों, मुम्बई प्रवासी ट्रस्टी शशिकांत मोदी, गीलूराम मोदी, सौरभ मोदी, प्रियंक मोदी, कनिका मोदी व अकादमिक निदेशक रॉय सी पॉल ने सभी को बहुत-बहुत बधाई दी।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

निसं



**सरदारशहर (नवयत्न)।** जयपुर में सरकार और आंगनबाड़ी प्रतिनिधियों के बीच हुए समझौते को सिरे से खारिज करते हुए सरदारशहर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पंचायत समिति परिसर के बाहर धरने पर बैठ गई और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए अपनी मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का ऐलान किया। सुबह सैकड़ों आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पहले नारेबाजी करती हुई सीडीपीओ कार्यालय पहुंचीं, जहां उन्होंने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसके बाद रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया और जल्द समाधान की मांग की। इससे पहले रविवार को ताल मैदान में हुई बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि जयपुर में सरकार के साथ बनी सहमति उनकी प्रमुख मांगों के अनुरूप नहीं है। इसलिए सरदारशहर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सीटू संगठन के बैनर तले आंदोलन जारी रखेंगी। अखिल भारतीय किसान सभा के रामकृष्ण छीपा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का लगातार शोषण हो रहा है और जब तक सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और ग्राम साथिनों को नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। सेवानिवृत्ति पर पेंशन और ग्रेच्युटी का लाभ मिले। मानदेय का एकमुश्त भुगतान किया जाए। सभी लंबित भुगतानों का शीघ्र निस्तारण हो। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का वर्ष 2022 से लंबित भुगतान जारी किया जाए। मोबाइल रिचार्ज, सामुदायिक उत्सव और ऑनलाइन-ऑफलाइन कार्यों के इंसेंटिव का बकाया भुगतान किया जाए। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि उन्हें वर्ष में केवल 11 माह का ही मानदेय मिलता है और हर साल फरवरी माह का भुगतान बैंक खातों में दर्ज नहीं किया जाता। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान उपयोग होने वाली टीएलएम सामग्री भी उन्हें अपने खर्च पर खरीदनी पड़ती है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। धरने के दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कार्यकर्ताओं ने साफ कहा कि जब तक सभी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक हड़ताल और आंदोलन जारी रहेगा। धरने में भंवरी डूडी, सुमन जांगिड़, सुजाता, प्रमिला, रिंकू सैनी, विनोद, शारदा, मंजू गोस्वामी, किरण रमेश चौधरी, सरोज, पाना देवी, मनीषा चौधरी, प्रतिभा, संजू देवी, सुमित्रा, तुलसी सेवदा, ग्यारसी देवी, सविता, सुमन कंवर, बबीता, गोमती देवी, तुलछा देवी, परमेश्वरी, कंचन सहित सैकड़ों की संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही।

## एफआरटी में दो आदमी, शहर रामभरोसे



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** रात में होने वाली बिजली कटौती से लोगों को परेशानियां हो रही हैं और परेशान लोग रात के 12-1 बजे बिजली बोर्ड पहुंच रहे हैं। ऐसा ही रविवार रात्रि को हुई जब अनेक मोहल्लों में बिजली चली गई। गर्मी में नींद से उठकर लोग बिजली बोर्ड चले गए। जानकारी के अनुसार शहर की पीसीबी स्कूल, कोठारी रोड, पंचायत समिति के पीछे, खटीक बस्ती, राजीव गांधी कॉलोनी आदि के कुछ लोग रात में बिजली बोर्ड पहुंच गए। जहां पर मोतीलाल नामक कर्मचारी उनको मिला। लोगों ने जब आक्रोश व्यक्त किया तो उनको बताया गया कि एफआरटी की रात की टीम में मात्र दो ही कर्मचारी हैं। जबकि नियमानुसार 15 होने चाहिए जिसके कारण अलग-अलग मोहल्लों में जाने में दो व्यक्तियों को काफी समय लगता है। दूसरी ओर लोगों ने अधिकारियों को फोन किए तो जवाब नहीं मिला। निवर्तमान पार्षद आसिफ अली चौहान ने सरकार से मांग की है कि एफआरटी की पूरी 15-15 लोगों की टीम दिन रात में अलग-अलग लगाई जावे और जनता को राहत प्रदान की जावे। इस दौरान हसन भाटी, आसिफ भाटी, आबिद चौहान, सोएब गोपालपुरिया, अकरम चैहान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## व्याख्याता बनने पर मीना का किया स्वागत



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव सारोठिया की उच्च माध्यमिक स्कूल में वरिष्ठ अध्यापक कमलेश मीणा का रसायन विज्ञान व्याख्याता के रूप में पदोन्नति होने पर विद्यालय परिवार और पीईईओ अधीनस्थ संस्था प्रधानों की उपस्थिति में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कमलेश मीना ने इस विद्यालय में 17 वर्ष विज्ञान विषय का अध्यापन कार्य करवाते हुए उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया। राज्य स्तर पर पुरुस्कृत शिक्षक सुखदेव बीरडा ने शिक्षा के प्रति समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सार्थक करते हुए पीईईओ कार्यालय को लगभग 5100 रुपये की दरी भेंट की। इस अवसर पर संस्था प्रधान पप्पू राम मीना, लिछमण राम गोदारा, दामोदर लाल, रामलाल कांसोटिया, श्याम सुंदर, महेंद्र, आशाराम, हरजी राम, मूला राम, राजेन्द्र, सतपाल, जीवनराम, दिलीप सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन पूसाराम स्वामी ने किया।

## आज होगा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्व. सत्यनारायण अरोड़ा की छठी पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को गांधी चौक के पास स्थित माहेश्वरी सेवा सदन में सुबह सात बजे से विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। इस पुनीत आयोजन को सफल बनाने के लिए मारवाड़ी युवा मंच, गणगौर शाखा, लॉयन्स क्लब, सर्व समाज, सुजलांचल तथा सत्यम परिवार के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य पूरी लगन और उत्साह के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। शिविर की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए विभिन्न समितियों द्वारा कार्य सम्पन्न किया गया है। रक्तदाताओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान भी चलाया जा रहा है। मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश अरोड़ा ने बताया कि रक्तदान मानव सेवा का सबसे श्रेष्ठ माध्यम है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन देने का कार्य करता है। इसलिए अधिक से अधिक युवाओं, महिलाओं एवं आमजन से इस महाअभियान में भाग लेकर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की गई है। आयोजन समिति ने सभी सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों सहित नगरवासियों से अनुरोध किया है कि वे इस सेवा कार्य में अपनी सहभागिता निभाते हुए रक्तदान करें तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करें ताकि किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्त की कमी का सामना न करना पड़े।

## पुलिस का जुआ-सट्टा माफिया पर प्रहार : सात जुआरी व एक सटोरिया गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में अवैध जुआ और सट्टे के कारोबार के खिलाफ गलता गेट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात जुआरियों और एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई कर आरोपियों के कब्जे से कुल 58 हजार 680 रुपए नकद, ताश के पत्ते और सट्टा उपकरण बरामद किए हैं। दोनों मामलों में संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जयपुर उत्तर के पुलिस उपायुक्त करण शर्मा ने बताया कि जिले के सभी थाना अधिकारियों को स्पेशल एवं लोकल एक्ट के तहत अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत गलता गेट थानाधिकारी धर्म सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह, कुलदीप, कांस्टेबल विजय कुमार, राजू सिंह और नरेश शामिल रहे। कार्रवाई में हेड कांस्टेबल प्रदीप सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस टीम ने पहली कार्रवाई ऑटो मोबाइल नगर स्थित अन्नपूर्णा रसोई के पास की गई। यहां सट्टे की खाईवाली करते हुए वाहिद खान पुत्र आबिद खान निवासी आमागढ़ शक्ति कॉलोनी, दिल्ली बाईपास रोड, थाना टीपी नगर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 6380 रुपए की सट्टा राशि एवं सट्टा उपकरण बरामद किए गए। वहीं दूसरी कार्रवाई लाल डूंगरी श्मशान घाट के पास की गई। पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर संगठित गिरोह बनाकर ताश के पत्तों पर रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे सात आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 52300 रुपए की जुआ राशि और 52 ताश के पत्ते बरामद किए गए। गलता गेट थानाधिकारी धर्म सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में असलम खान निवासी घाटगेट, कलीम अहमद निवासी घाटगेट, मोहम्मद जुनैद निवासी घाटगेट, वसीम अहमद निवासी घाटगेट, अफजल अहमद निवासी हीदा की मोरी, मोहम्मद जोहेब निवासी घाटगेट तथा मोहम्मद मेहराजुद्दीन निवासी गंगापोल शामिल हैं।

# अपना घर आश्रम नोखा का मानवीय रेस्क्यू अभियान बना बेसहारा प्रभुजियों के लिए नई उम्मीद

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** मानव सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए अपना घर आश्रम नोखा द्वारा भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष मानवीय रेस्क्यू अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़कों पर लावारिस, असहाय एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रभुजियों को सुरक्षित आश्रय, उपचार और सम्मानपूर्ण जीवन उपलब्ध कराना था। अपना घर आश्रम नोखा का संकल्प है कि कोई भी प्रभुजी सड़क पर लावारिस, भूखा, बिना छत और बिना वस्त्र के रहने को विवश न रहे। इसी संकल्प को साकार करने के लिए आश्रम के सचिव सतीश झंवर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में यह अभियान संचालित किया गया। टीम ने भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर तथा आसपास के गांवों और कस्बों में लगातार खोज अभियान चलाया। अभियान में वाहन चालक भंवरलाल, सेवासाथी विकास तथा मेडिकल स्टाफ पवन बिश्नोई ने तीन से चार दिनों तक लगातार अथक परिश्रम किया। इस दौरान टीम ने 16 प्रभुजियों को अत्यंत दयनीय एवं लावारिस अवस्था में सड़क किनारे पाया। सभी प्रभुजियों का सम्मानपूर्वक रेस्क्यू कर सुरक्षित रूप से अपना घर आश्रम नोखा लाया गया। आश्रम पहुंचने के बाद सभी प्रभुजियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण, पौष्टिक भोजन, स्वच्छ वस्त्र, आवश्यक चिकित्सा उपचार तथा नियमित देखभाल उपलब्ध कराई गई, जिससे वे सम्मानपूर्वक जीवन की नई शुरुआत कर सकें। इस अभियान के संयोजक नारायण मूंदड़ा ने बताया कि मुस्कान फाउंडेशन तथा अतुल जाजरा के सहयोग से यह अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे रेस्क्यू अभियान निरंतर जारी रहेंगे तथा अगला विशेष अभियान नागौर क्षेत्र में संचालित करने की योजना है। इस अवसर पर विनोद कुमार ने अपना घर आश्रम की सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि किसी की एक दिन सेवा करना आसान है लेकिन वर्षों तक निरंतर सेवा करना ही वास्तविक मानवता है। अभियान के उपरांत आश्रम में आयोजित बैठक में अध्यक्ष निर्मल कुमार गोलछा, सचिव दिलीप वेद, ओमप्रकाश मूंदड़ा, किरण देवी झंवर सहित अनेक सेवासाथी उपस्थित रहे। बैठक में आश्रम की चिकित्सा, भोजन, स्नान एवं अन्य व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया गया तथा प्रभुजियों को बेहतर से बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस नवीन रेस्क्यू अभियान के साथ ही अपना घर आश्रम नोखा में निवासरत प्रभुजियों की संख्या बढ़कर 603 हो गई है। आश्रम परिवार ने समाज के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि कहीं कोई असहाय, लावारिस, मानसिक रूप से अस्वस्थ अथवा बेसहारा प्रभुजी दिखाई दें तो इसकी सूचना तत्काल अपना घर आश्रम को दें ताकि समय रहते उनका रेस्क्यू कर उन्हें सुरक्षित आश्रय, उपचार और सम्मानपूर्ण जीवन प्रदान किया जा सके। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है।



## अवैध प्लॉटिंग व पुराने रास्ते से हटकर सड़क बनाने की जांच करवाने की मांग

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** जैन विश्व भारती के पीछे गोपालपुरा मार्ग से शहरिया बास जाने वाले रास्ते पर अवैध प्लॉटिंग कर मनमाने रास्तों से सड़क निकालने की शिकायत हुई है। समाजसेवी बाबू खां पुत्र आजम खां ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र देकर बताया कि गोपालपुरा रोड पर लाल खां ढाणी से शहरिया बास चांद दडा की और जाने वाली सड़क हाल ही में नगरपालिका द्वारा



तीन-चार माह पूर्व ही में बनाई गई है। सड़क निर्माण के दौरान यहां अवैध प्लॉटिंग करने वाले लोगों ने निर्मित एजेंसी के ठेकेदार से मिलीभगत करते हुऐ सड़क को सीधे रास्ते से निकालने की बजाय मनमाने रास्तों से भयंकर मोड देकर बना दिया है। इस सड़क में व्यक्ति विशेष को फायदा पहुंचाने के लिये मोहल्ले वासियों को जानबूझकर भारी परेशानी में डाला गया है।

शिकायतकर्ता ने बताया कि सड़क पर खतरनाक मोड़ और मुख्य रास्ता से हटाकर बनाई जाने से वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। इस मामले की संपूर्ण जांच करवाकर पुराने रास्ते की बजाय मनमाने रास्तों से सड़क निकालने वाली एजेंसी और प्लॉटिंग करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

## बारोलिया बने रैगर समाज एवं छात्रावास विकास समिति के उपाध्यक्ष



निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** रैगर समाज एवं छात्रावास विकास समिति सीकर की नई कार्यकारिणी के चुनाव में श्रीमाधोपुर निवासी वेदप्रकाश बारोलिया को उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा 19 जुलाई को समिति के नौ निर्वाचन योग्य पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। नई कार्यकारिणी में एनके मौर्य सीकर को अध्यक्ष, मदनलाल डीग्रवाल सीकर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, चन्द्रशेखर मौर्य सीकर को महासचिव तथा बाबूलाल जाटोलिया चुड़ौली को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं बजरंगलाल जाटोलिया रूपगढ़, वेदप्रकाश बारोलिया श्रीमाधोपुर, मनोहर फुलवाड़िया सीकर एवं नरेंद्र मौर्य सीकर को उपाध्यक्ष तथा डॉ दुलाराम जाटोलिया सीकर को सचिव निर्विरोध निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित नौ पदाधिकारी आपसी विचार-विमर्श के बाद 11 मनोनीत पदाधिकारियों एवं 31 कार्यकारिणी सदस्यों का चयन करेंगे। इस प्रकार समिति की नई कार्यकारिणी में कुल 51 सदस्य होंगे। वेदप्रकाश बारोलिया के उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर समाज के लोगों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।

## आसमान पर टिकी किसानों की निगाहें, बारिश नहीं होने से बढ़ी चिंता

निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** जुलाई माह अधिकतर बीत जाने के बावजूद शेखावाटी अंचल में मानसून अब तक मेहरबान नहीं हुआ है। आसमान में बादल मंडराने के बावजूद बारिश नहीं होने से किसान और आमजन परेशान हैं। पिछले दो सप्ताह से क्षेत्र में तेज धूप और उमस भरी गर्मी का दौर जारी है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। खेतों में जून माह के अंत और जुलाई की शुरुआत में की गई बुवाई की फसलें अब सूखने लगी हैं। किसान दिनभर आसमान की ओर टकटकी लगाए बादलों का इंतजार कर रहे हैं। कई जगह खेतों में नमी पूरी तरह खत्म हो चुकी है और फसलें मुरझाने लगी हैं। किसानों का कहना है कि



यदि जल्द बारिश नहीं हुई तो खरीफ की फसलों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। रविवार को दिनभर बादलवाही के कारण धूप का असर कम रहा। उधर कृषि विभाग ने किसानों को सलाह दी है कि वे उपलब्ध नमी का संरक्षण करें और अनावश्यक सिंचाई से बचें। मौसम विभाग का कहना है कि अगले कुछ दिनों में बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है और सप्ताह के मध्य तक हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बन रही है। बारिश नहीं होने से किसान चिंता में हैं और आषाढ़ के महीने में भी खेतों की सूखी मिट्टी देखकर मायूस नजर आ रहे हैं। अब पूरे अंचल की निगाहें मानसून की पहली अच्छी बारिश पर टिकी हुई हैं।

## सड़क हादसों में दो लोग घायल

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** दो सड़क हादसों में तीन लोग घायल हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार रात को जाट छात्रावास के पास मोटरसाइकिल सवार कालूराम सड़क पर अचानक पशुधन के आकर टकरा जाने से घायल हो गया। वहीं दूसरी सड़क दुर्घटना में सुजानगढ़ डूंगर बालाजी रोड से गोपालपुरा क्रेसर रोड साइड मोटरसाइकिल और लोडिंग टेम्पो की जबरदस्त भिड़ंत हो गयी, जिससे टैम्पो पलट गया। राहगीरों की सूचना पर टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत मौके पर पहुंचे तथा घायल सलीम, निवासी नया बास सुजानगढ़ को सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया।

## किसान मोर्चा का धरना प्रदर्शन कल

विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा (नवयत्न)।** भारत-अमेरिका ट्रेड डील व दिल्ली संसद मार्च के दौरान आंदोलनकारी युवाओं पर पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में 22 जुलाई को संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रवक्ता फूलचंद बरवड़ व रामचंद्र कुलहरी ने बताया कि पेपर लीक के लिए जिम्मेदार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलनकारी युवाओं पर हुए बर्बर पुलिस दमन के खिलाफ जिले की सभी तहसीलों पर धरना-प्रदर्शन करेगा। धरना प्रदर्शन के माध्यम से पेपर लीक के जिम्मेदार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान व संसद मार्च के दौरान युवाओं पर हुए पुलिस दमन के जिम्मेदार गृहमंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की जाएगी। इस धरना प्रदर्शन में अखिल भारतीय किसान सभा, अखिल भारतीय किसान महासभा, क्रांतिकारी किसान यूनियन, राजस्थान किसान सभा, जय किसान आंदोलन आदि संगठन भाग लेंगे।

## बड़े कचरा पात्रों की उपयोगिता खत्म होने से, कचरा पात्र हो रहे हैं भंगार



निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** बिसाऊ नगर पालिका के 100 कचरा पात्र दो अलग-अलग स्थानों पर पड़े हुए भंगार में तब्दील हो रहे हैं, पालिका प्रशासन की लापरवाही से लाखों की संपत्ति हो रही है खुदबुर्द। पालिका ने इनमें कुछ कचरा पात्रों की मरम्मत करवाई लेकिन अब स्वायत्त शासन विभाग के नये निर्देश के कारण इन कचरा पात्रों की कोई अहमियत नहीं है। मरम्मत करवाए गए उन कचरा पात्रों को पालिका उस कचरा पाइंट पर रखवाएगी जहा कचरा संग्रहण के लिए ऑटो टीपर नहीं जा सकते है। इसलिए शेष बचे कचरा पात्रों की उपयोगिता समाप्त होने के कारण कबाड़ में पडे होने से अब भंगार में तब्दील होने लगेंगे। इधर पालिका लोगों द्वारा चलते समय सड़कों पर डाले जा रहे हल्के कचरे को सड़क पर नहीं डाले उसके लिए कस्बे के प्रमुख जगहों पर टू-वन डस्टबिन लगाकर सुविधा उपलब्ध कराई है।

## रोड निर्माण का लेवल बढ़ाने पर बवाल, मोहल्लेवासियों ने काली पट्टी बांधकर किया विरोध

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** कस्बे के स्वामियों के मोहल्ले में निर्माणाधीन सड़क का लेवल कथित रूप से करीब 13 इंच ऊंचा किए जाने को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। मोहल्लेवादियो ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर नगरपालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी डॉ अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपा तथा सड़क का लेवल सही करने के साथ बरसाती एवं नालियों के पानी की समुचित निकासी सुनिश्चित करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि रेलवे स्टेशन, हरिजन मोहल्ला, वार्ड संख्या 24, स्वामी मोहल्ला तथा आसपास के बाजार क्षेत्र का



बरसाती और नालियों का पानी इसी मार्ग से होकर निकलता है। आरोप है कि सड़क का स्तर अधिक ऊंचा किए जाने से पानी की निकासी बाधित हो जाएगी, जिससे हल्की बारिश में भी कई घंटों तक जलभराव रहेगा और आसपास के मकानों में पानी घुसने की आशंका बनी रहेगी। लोगों ने कहा कि इससे आवागमन भी प्रभावित होगा और बरसात के दौरान गंभीर समस्या खड़ी हो सकती है। मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सड़क का लेवल तकनीकी मानकों के अनुरूप नहीं किया गया तो पूरे क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने निर्माण कार्य से पहले सड़क का सही लेवल निर्धारित कर निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। ज्ञापन मिलने के बाद अधिशासी अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने मौके पर पहुंचकर निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सीवरेज के कार्मिकों एवं इंजीनियरों को निर्देश दिए कि पहले सड़क का सही लेवल निकालकर ही निर्माण कार्य किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि सड़क पर बरसात का पानी किसी भी स्थिति में नहीं रुके। इस अवसर पर कैलाश शर्मा, राकेश कुमार शर्मा, मुकेश कुमार, केशरी नन्दन, कमला देवी, रेणु देवी, तीजा देवी, कौशल्या देवी, गीता देवी, सुशीला देवी, संगीता देवी, मीना देवी, संतोष शर्मा सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी मौजूद रहे।

## एग्री बायोटेक सीटू का केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** भारतीय ट्रेड यूनियन केंद्र सीटू के आह्वान पर सीकर जिला स्मॉल स्केल इंडस्ट्रियल एम्पलाइज एण्ड लेबर यूनियन सीटू सीकर राजस्थान की शाखा एग्री बायोटेक सीटू यूनियन अजीतगढ़ ने अध्यक्ष सुभाष गुर्जर की अध्यक्षता में केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को सोनम वांगचुक मामले में राष्ट्रपति को मेल भेजकर मांग की गई कि फौरन हस्तक्षेप कर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मंत्रिमंडल से




बर्खास्त किया जाए। पेपर लीक मामले को लेकर जंतर-मंतर पर जो छात्रों के द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है उसका सीटू यूनियन पूर्ण रुप से समर्थन करती है। इस प्रदर्शन में एग्री बायोटेक सीटू यूनियन के सैकड़ों कर्मचारियों और मजदूरों ने भाग लिया। जिनमें कमल कुमावत, धर्मराज गुर्जर, करण सिंह, लोकेश सिंह, कैलाश यादव, मनोज भार्गव, सागर कुमावत, किशन यादव, रामजीलाल गुर्जर, रामोतार रुण्डला, वीरेंद्र सिंह शेखावत, राजेन्द्र रैगर, भवानी सार्दुल, शिम्भु वर्मा, घनश्याम रैगर, मुकेश कुमार रैगर, भोमराज, आशु दहिया, नरेंद्र कसाना, लोकेश वर्मा, भवानी सिंह, तंवर सिंह, अर्जुन सैनी, मनोज कुमार, शिवकुमार, संदीप जांगिड़, दीक्षित, अरविंद सिंह, जगदीश यादव प्रमुख रहे। सभी ने जोरदार प्रदर्शन किया और इंकलाब जिंदाबाद के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

## 22 से 29 जुलाई तक होगा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

निसं

**नोखा (नवयत्न)।** नोखा के समीप नागौर जिले के श्रीबालाजी (खारिया) स्थित श्री बालाजी सेवा धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। श्री बालाजी सेवा धाम के पीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित महामंडलेश्वर आचार्य बजरंगदास महाराज के श्रीमुख से 23 जुलाई से 29 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से सांय 4:15 बजे तक आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा की तैयारियां पूर्ण करली गई है। महाराज अपनी अमृतमयी मधुर वाणी से नर-नारी दर्शक श्रोताओं को श्रीमद् भागवत कथा महापुराण का रसास्वादन करवाते हुए ज्ञान गंगा में डुबकियां लगवाएंगे। 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा कार्यक्रम होगा। प्रातः 8:15 बजे गुरु पूजन, 9:15 बजे हवन यज्ञ, 10:15 बजे गुरु आशीर्वाद वचन और दोपहर 12:15 बजे विशाल भंडारा का आयोजन होगा।

## सम्पादकीय

# हंगामे के आसार



**विपक्षी दलों ने संसद के मानसून सत्र के पहले बुलाई गई सर्वदलीय बैठक का जिस तरह थोड़ी देर के लिए ही सही बहिष्कार किया, उससे यह अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है कि यह सत्र हंगामे से भरा रहने वाला है।**

विपक्षी दलों ने सर्वदलीय बैठक का बहिष्कार इसलिए किया, क्योंकि इस बैठक में तृणमूल कांग्रेस से अलग हुए गुट को भी बुलाया गया था। इससे केवल यही नहीं स्पष्ट होता कि विपक्ष इस बैठक के बहिष्कार का बहाना तलाश कर रहा था, बल्कि यह भी पता चलता है कि वह अपने बिखराव का दोष भी सत्ता पक्ष पर मढ़ना चाहता है। संसद के पिछले सत्र के मुकाबले इस समय तस्वीर बहुत बदली हुई है। पिछले सत्र में विपक्ष इसलिए उत्साहित था कि उसने महिला आरक्षण से जुड़े परिसीमन संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को दो तिहाई बहुमत से पारित नहीं होने दिया था।

इस विधेयक के पारित न होने से विपक्ष की एकजुटता को बल मिला था, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है और इसके लिए विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व का दावा करने वाली कांग्रेस भी जिम्मेदार है। उसने तमिलनाडु में जिस तरह सत्ता के लोभ में द्रमुक का साथ छोड़ा, उसका परिणाम यह हुआ कि उसने कांग्रेस से दूरी बना ली और अब वह संसद में उसके साथ बैठने के लिए भी तैयार नहीं है। यदि यह मान भी लिया जाए कि पश्चिम बंगाल में पराजय के बाद तृणमूल कांग्रेस में बिखराव भाजपा के समर्थन और प्रोत्साहन से हुआ तो इसका जवाब तो कांग्रेस को ही देना होगा कि तमिलनाडु में उसका सबसे करीबी सहयोगी दल उससे क्यों छिटक गया? पिछले सत्र के मुकाबले इस सत्र के आने तक विपक्ष की कमजोरी का अनुमान इससे भी लगाया जा सकता है कि तृणमूल कांग्रेस के बाद उद्धव ठाकरे की शिवसेना में भी विभाजन हो गया और अब इसके कयास लगाए जा रहे हैं कि शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी भी भाजपा की अगुआई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा बनने के लिए तैयार है। कुल मिलाकर इस समय विपक्ष न केवल बिखरा हुआ दिख रहा है, बल्कि हताश एवं निराश भी। इस स्थिति में संसद के इस सत्र में आए दिन हंगामा देखने को मिल सकता है। निश्चित रूप से विपक्ष के उन मुद्दों पर संसद में चर्चा होनी ही चाहिए, जिनका उल्लेख उसकी ओर से सर्वदलीय बैठक में किया गया। त चाहे राम मंदिर में चढ़ावा चोरी की हो अथवा नीट पेपर लीक की-इन सब मुद्दों पर संसद में चर्चा होनी ही चाहिए, लेकिन यह बहुत कुछ इस पर निर्भर करेगा कि विपक्ष अपनी ओर से उठाए गए मुद्दों पर सरकार की जवाबदेही को लेकर आग्रही रहेगा अथवा हंगामा करने के लिए? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अब विपक्ष संसद में जनता से जुड़े मुद्दों पर कोई सार्थक चर्चा के स्थान पर हंगामा करना ही सही समझता है।


## विशेष आलेख

# संसद का मानसून सत्र : हंगामे नहीं, समाधान का संकल्प बने

भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा बल उसकी संसद है। यही वह मंच है जहां देश की आकांक्षाएं, समस्याएं और भविष्य की दिशा तय होती है। संसद केवल कानून बनाने का स्थान नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक विमर्श, जवाबदेही और जनभावनाओं की अभिव्यक्ति का सर्वोच्च मंच है। ऐसे में 20 जुलाई से प्रारंभ हो रहा संसद का मानसून सत्र केवल एक संसदीय प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतंत्र की परिपक्वता की नई परीक्षा भी है। देश की जनता की अपेक्षा है कि यह सत्र शोर-शराबे, आरोप-प्रत्यारोप और गतिरोध का नहीं, बल्कि सार्थक संवाद, गंभीर बहस और ठोस निर्णयों का सत्र बने। दुर्भाग्य से पिछले कुछ वर्षों में संसद के दृश्य लोकतांत्रिक गरिमा की अपेक्षा राजनीतिक टकराव के प्रतीक अधिक दिखाई दिए हैं। सदन में नीति और नीयत पर चर्चा कम तथा नारे, तख्तियां, वेल में प्रदर्शन और कार्यवाही बाधित करने की प्रवृत्ति अधिक दिखाई देती रही है। संसद का प्रत्येक मिनट जनता के कर से चलता है, इसलिए उसका अनुत्पादक होना केवल संसदीय विफलता नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संसाधनों का भी दुरुपयोग है। संसद का उद्देश्य सरकार को घेरना अवश्य है, लेकिन केवल हंगामा खड़ा करना नहीं; उसी प्रकार सरकार का दायित्व केवल बहुमत के बल पर निर्णय लेना नहीं, बल्कि विपक्ष की बात सुनना और संवाद के लिए वातावरण बनाना भी है।

इस बार विपक्ष के पास अनेक ऐसे मुद्दे हैं, जिन पर वह सरकार को घेरने की तैयारी में है। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं, शिक्षा व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, विदेश नीति, सीमा सुरक्षा, धार्मिक स्थलों से जुड़े विवाद, मन्दिरों में चोरी, कर व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया जैसे विषय निश्चित रूप से राष्ट्रीय महत्व के हैं। इन पर संसद में गंभीर चर्चा होना लोकतंत्र की आवश्यकता भी है और जनता का अधिकार भी। लेकिन यदि ये विषय केवल राजनीतिक नारेबाजी का माध्यम बनकर रह जाएं, तो उनका उद्देश्य समाप्त हो जाएगा। संसद में उठाया गया प्रत्येक मुद्दा समाधान की दिशा में बढ़े, यही लोकतांत्रिक परिपक्वता का प्रमाण होगा। विपक्ष लोकतंत्र का अनिवार्य स्तंभ है। उसका दायित्व केवल सरकार का विरोध करना नहीं, बल्कि सरकार को बेहतर निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना भी है। स्वस्थ लोकतंत्र में विपक्ष सरकार की आंख और कान दोनों होता है। यदि वह केवल विरोध की राजनीति तक सीमित हो जाए, तो उसकी विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है। दूसरी ओर सरकार भी यदि विपक्ष के प्रत्येक प्रश्न को राजनीतिक षड्यंत्र मानकर संवाद से बचती है, तो लोकतंत्र का संतुलन कमजोर पड़ता है। इसलिए सत्ता और विपक्ष, दोनों को अपने-अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा।

मानसून सत्र में यदि शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा होती है तो उसका केंद्र छात्रों का भविष्य होना चाहिए, न कि केवल राजनीतिक लाभ। यदि महंगाई पर बहस हो तो उसका उद्देश्य आम नागरिक को राहत देने वाली नीतियों पर विचार होना चाहिए। यदि राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति अथवा सीमा संबंधी विषय उठते हैं तो उनमें दलगत राजनीति के बजाय राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होना चाहिए। संसद की बहस तब सार्थक कही जाएगी, जब उससे नीति निर्माण की दिशा निकले और जनता को यह विश्वास हो कि उसकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार हो रहा है। लोकतंत्र में बहस और असहमति कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। किंतु जब असहमति का स्थान अवरोध ले लेता है और बहस की जगह बहिष्कार आ जाता है, तब लोकतंत्र की आत्मा आहत होती है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि संसद को चलाना ही लोकतंत्र की वास्तविक कसौटी है। यह विचार आज पहले से अधिक प्रासंगिक है। संसद का ठप होना किसी एक दल की नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र की हार है।



इस समय देश अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। युवाओं को रोजगार चाहिए, किसानों को बेहतर आय की अपेक्षा है, मध्यम वर्ग महंगाई से परेशान है, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की जरूरत है तथा वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों के बीच भारत को अपनी विकास गति बनाए रखनी है। ऐसे समय संसद से जनता समाधान चाहती है, संघर्ष नहीं। यदि पूरा सत्र केवल राजनीतिक टकराव में बीत गया तो सबसे बड़ा नुकसान आम नागरिक का होगा, जिसकी आवाज संसद तक पहुंचनी चाहिए। संसद की गरिमा केवल अध्यक्ष की कुर्सी या ऐतिहासिक भवन से नहीं बनती, बल्कि वहां बैठने वाले जनप्रतिनिधियों के आचरण से बनती है। सांसदों को यह स्मरण रखना चाहिए कि वे केवल अपने दल के प्रतिनिधि नहीं, बल्कि देश की जनता के प्रतिनिधि हैं। संसद में उनका प्रत्येक शब्द और प्रत्येक व्यवहार लोकतांत्रिक संस्कृति का हिस्सा बनता है। इसलिए व्यक्तिगत आरोपों और कटुता के स्थान पर तथ्यों, तर्कों और नीति आधारित विमर्श को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी का यह दावा रहा है कि वह विकास, सुशासन और नीति आधारित राजनीति में विश्वास रखती है। यदि ऐसा है तो उसे विपक्ष द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण प्रश्नों का तथ्यात्मक उत्तर देने में संकोच नहीं होना चाहिए। वहीं विपक्ष को भी यह समझना होगा कि केवल नारे लगाने अथवा कार्यवाही बाधित करने से जनता का विश्वास नहीं जीता जा सकता। उसे वैकल्पिक नीतियां, ठोस सुझाव और रचनात्मक आलोचना प्रस्तुत करनी होगी। लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष दोनों की सफलता संसद की सफलता से जुड़ी होती है। आज सूचना क्रांति के युग में जनता सब कुछ देख और समझ रही है। संसद में कौन बहस कर रहा है, कौन केवल राजनीतिक प्रदर्शन कर रहा है और कौन जनहित के प्रश्न उठा रहा है, इसका मूल्यांकन मतदाता स्वयं करता है। इसलिए अब केवल प्रतीकात्मक राजनीति से काम नहीं चलेगा। जनप्रतिनिधियों को अपने दायित्वों का निर्वहन अधिक गंभीरता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ करना होगा। दार्शनिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा था कि संसद राष्ट्र के विवेक की आवाज होती है। यदि यही विवेक शोर में दब जाए तो लोकतंत्र का मार्ग भी धुंधला पड़ जाता है। इसलिए मानसून सत्र को ऐसे अवसर के रूप में देखा जाना चाहिए, जहां सत्ता और विपक्ष मिलकर यह संदेश दें कि लोकतंत्र की असली शक्ति संवाद, सहमति और सार्थक बहस में निहित है।

किसी भी आदर्श एवं मजबूत लोकतंत्र की अपेक्षा है विपक्ष का समक्ष एवं सकारात्मक सक्रिय होना। क्योंकि विपक्ष लोकतंत्र की आंख है। लेकिन जब यह आंख केवल अंधविरोध में अंधी हो जाए, तो लोकतंत्र की दृष्टि धुंधली हो जाती है। जनता का दबाव ही विपक्ष को सद्बुद्धि दे सकता है। जब जनता यह स्पष्ट रूप से जताए कि उसे रचनात्मक, नीति आधारित विपक्ष चाहिए न कि नारेबाज नेता, तब विपक्ष को भी सुधरना पड़ेगा। विपक्ष को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या वह जनता की लड़ाई लड़ रहा है या केवल सत्तालोलुपता की राजनीति कर रहा है? मीडिया को चाहिए कि वह हंगामे को महिमामंडित करने के बजाय, नीति और तर्क आधारित बहस को आगे बढ़ाए। संसद में विवाद होना लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन वही विवाद अगर दिशा विहीन हो जाए, तो वह कमजोरी बन जाता है।

## स्वास्थ्य समाचार

# बच्चों की इम्यूनिटी को बढ़ाने में सहायक है केला और दूध

बच्चों के नाश्ता करवाना एक कठिन काम है। बच्चें नाश्ते के लिए आसानी से मानते भी नहीं हैं। इन स्थितियों को देखते हुए माता-पिता बच्चों को कुछ ऐसा नाश्ता देना चाहते हैं जो बच्चों के हेल्दी और पौष्टिक भी रहें। दूध और केला एक ऐसा हेल्दी नाश्ता है। आपको बता दें कि केला एक ऐसा फल है जिसे आप ना केवल गर्मियों में बल्कि सर्दियों में भी खा सकते हैं। केले में विटामिन, पोटैशियम, मैगनीज, फाइबर जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो हमारे शरीर की पोषण जरूरतों को पूरा करते हैं। आपको यह जानकर हैरानी होगी कि केला खाने से शरीर की इम्यूनिटी बढ़ती है और संक्रमण से बचाव होता है।



### बच्चों के विकास में सहायक

केले और दूध में बहुत सारे पोषक तत्व होते हैं। इसमें कैल्शियम, पोटैशियम, मैगनीज, फाइबर और अन्य विटामिन आदि होते हैं। दूध और केला बच्चों की लम्बाई बढ़ाने में मददगार साबित होता है। बच्चें के दिमाग और फिजकली फिट भी रखता है। बच्चों के आहार में केले को शामिल करने से उन्हें बढ़ती उम्र के लिए कई आवश्यक पोषक तत्व मिलते हैं। केला और दूध बच्चों की हड्डियों को मजबूत करता है।

### बच्चों में आयरन की कमी को दूर करता है

केले में आयरन की अच्छी मात्रा पाई जाती है। यह शिशुओं और बच्चों में एनीमिया को रोकने में मदद करता है। इसके सेवन से शरीर में खून की कमी नहीं होती और शरीर पूरी तरह से हेल्दी रहता है। साथ ही केले में विटामिन ए भी होता है और रोजाना एक केला खाने से बच्चों की आंखों की रोशनी में सुधार होता है।

### इम्यूनिटी बूस्टर

केला और दूध दोनों ही बच्चों की इम्यूनिटी बढ़ाने में मददगार है। केला विटामिन, पोटैशियम, मैगनीज और फाइबर से भरपूर होता हैं और दूध में कुछ आवश्यक एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। केला विटामिन सी से भरपूर होता है। यह एंटीऑक्सीडेंट बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाते हैं और शरीर को विभिन्न बीमारियों से बचाने में मदद करते हैं और बच्चों को कई संक्रमण से बचाते हैं।

### कब्ज की समस्या को करता है दूर

केले में काफी मात्रा में फाइबर पाया जाता है जो बच्चों के पाचन तंत्र को सही रखता है। अगर बच्चे में कब्ज की समस्या रहती है, तो रोज मैश किया हुआ केला बच्चे को देना शुरू करें। यह बच्चों की कब्ज की समस्या को दूर करेगा।

# सूखा आंवला और सरसों का तेल बढ़ाएगा बालों की मजबूती

बालों की खूबसूरती को बढ़ाने के लिए सरसों तेल काफी ज्यादा प्रभावी हो सकता है। सरसों तेल में मौजूद गुण आपके बालों को काला, घना और मजबूत बनाने में प्रभावी होता है। वहीं, आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है जो बालों के डैंड्रफ की समस्या को दूर कर सकता है। इसके अलावा आंवला आपके बालों को मजबूत कर सकता है। इन दोनों का मिश्रण बालों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है।





### झड़ते बालों की परेशानी करे दूर

सूखा आंवला और सरसों तेल का मिश्रण झड़ते बालों की परेशानी को दूर कर सकता है। इन दोनों का मिश्रण आपके बालों को पोषण प्रदान करता है, जिससे आप झड़ते बालों की समस्या को दूर कर सकता है। अगर आपके बाल काफी ज्यादा झड़ रहे हैं तो नियमित रूप से इस मिश्रण का इस्तेमाल करें।

### बालों को करे काला

बालों को काला करने के लिए सूखा आंवला और सरसों तेल का मिश्रण अपने बालों में लगाएं। यह आपके बालों को काला करने में मददगार होता है। दरअसल, इस मिश्रण के प्रयोग से स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है जिससे बालों को पोषण मिलता है। इससे आपके बालों को सफेद होने से रोका जा सकता है।

### डैंड्रफ से करे मुक्त

विटामिन सी से भरपूर आंवला और सरसों तेल का मिश्रण डैंड्रफ की परेशानी को कम करने में आपकी मदद कर सकता है। इस तेल को लगाने से आपके बाल संक्रमण से मुक्स होते हैं जिससे बालों में डैंड्रफ की परेशानी नहीं होती है।

### बालों को जड़ों को करे मजबूत

अगर आपके बालों की जड़ें कमजोर है तो आंवला और सरसों तेल का मिश्रण अपने बालों में लगाएं। यह मिश्रण बालों की जड़ों को मजबूती प्रदान करता है जिससे आपको झड़ते बालों की परेशानी से छुटकारा मिल सकता है।

### पपड़ीदार स्कैल्प से राहत

पपड़ीदार स्कैल्प से अगर आप परेशान हैं तो इस तेल का इस्तेमाल करें। यह तेल पपड़ीदार स्कैल्प की परेशानी को दूर कर सकता है। साथ ही संक्रमण से छुटकारा दिलाता है।

### बालों में लाए चमक

बालों की चमक को बढ़ाने के लिए भी यह मिश्रण आपके लिए काफी हेल्दी साबित होता है। सरसों तेल और आंवला आपके बालों की चमक को बेहतर करके बालों को सॉफ्ट और मुलायम बनाने में असरदार साबित हो सकता है।

# कमजोरी की वजह से सांस फूलती है तो अपनाये यह टिप्स

शरीर में कमजोरी होने पर आपको कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कमजोरी की वजह से सांस फूलने की समस्या बहुत आम है। शरीर में पोषक तत्वों, खून आदि की कमी के कारण होने वाली कमजोरी में आपको चलने-फिरने में भी परेशानियां होती हैं। इस समस्या की वजह से आपके शरीर में गंभीर दर्द और थकान होती है और इसकी वजह से आपको सांस लेने में परेशानी या सांस फूलने की समस्या का सामना करना पड़ता है। कमजोरी की वजह से सांस फूलने की समस्या से छुटकारा पाने के लिए आपको खानपान और जीवनशैली का विशेष ध्यान रखना चाहिए। अगर आप भी कमजोरी की वजह से सांस फूलने की समस्या से ग्रसित हैं, तो इन फूड्स को अपनी डाइट में शामिल कर इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं। कमजोरी की वजह से आपको सांस लेने में परेशानी के अलावा कई अन्य समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है। इसकी वजह से आपको थकान और आलस्य जैसी परेशानियां भी होती हैं। कमजोरी के कारण सांस लेने में परेशानी या सांस फूलने की समस्या होने पर आपको डाइट का विशेष ध्यान रखना चाहिए।



**अंकुरित अनाज का सेवन :** कमजोरी दूर करने के लिए अंकुरित अनाज जैसे चना, मूंग, मूंगफली आदि का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसके अलावा ड्राई नट्स को पानी में भिगोकर अंकुरित होने पर खाना बहुत फायदेमंद माना जाता है। कमजोरी की समस्या के कारण अगर आपको सांस फूलने की परेशानी हो रही है, तो डाइट में मूंग, चने, बादाम, मूंगफली, किशमिश आदि को शामिल करें। इन फूड्स को अंकुरित कर खाने से आपको बहुत फायदा मिलेगा।

**दालचीनी का सेवन :** कमजोरी की वजह से सांस फूलने की समस्या में दालचीनी का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। दालचीनी में मौजूद गुण शरीर की कमजोरी दूर करने के साथ इम्यूनिटी बूस्ट करने में भी फायदेमंद होते हैं। शरीर का इम्यूनिटी सिस्टम मजबूत होने से आपको सांस फूलने की परेशानी में फायदा मिलता है। इसके लिए आप दालचीनी की चाय का भी सेवन कर सकते हैं।

**हरी सब्जियों को डाइट में करें शामिल :** हरी सब्जियों का सेवन शरीर में पोषक तत्वों की कमी को दूर करने में बहुत फायदेमंद होता है। इन सब्जियों में आयरन, कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों की पर्याप्त मात्रा होती है। इसलिए कमजोरी की वजह से सांस फूलने की समस्या में हरी सब्जियां जैसे पालक, मेथी, तोरई आदि का सेवन बहुत फायदेमंद होता है।

**सोयाबीन का करें सेवन :** कमजोरी की समस्या दूर करने के लिए सोयाबीन का सेवन बहुत फायदेमंद होता है। सोयाबीन में प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा होती है, जो शरीर को ताकत देने के साथ ही सांस से जुड़ी परेशानियों में भी फायदेमंद माना जाता है। सोया मिल्क का सेवन भी शरीर की कमजोरी दूर करता है और सांस फूलने की समस्या में फायदेमंद होता है।

**गाजर खाएं :** कमजोरी दूर करने के लिए गाजर खाना भी बहुत फायदेमंद होता है। गाजर में मौजूद पोषक तत्व और विटामिन शरीर की कमजोरी दूर करने के लिए बहुत उपयोगी होते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष

दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी।

### वृष

निवेश शुभ फल देगा। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

### मिथुन

कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### कर्क

समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

### सिंह

दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कन्या

घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। योजना फलीभूत होगी। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। पुराना रोग उभर सकता है। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

### तुला

विरोधी सक्रिय रहेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। जल्दबाजी न करें। निवेश शुभ रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### वृश्चिक

भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे।

### धनु

अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। शत्रुभय रहेगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है।

### मकर

घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। आय में निश्चितता रहेगी। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें।

### कुंभ

नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी।

### मीन

कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

## पंचायत-निकाय चुनाव को लेकर भाजपा तैयार, कांग्रेस पर लगाए गंभीर आरोप

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों का रास्ता साफ होने के साथ ही प्रदेश की राजनीति गर्मा गई है। अदालत के निर्देशों और ओबीसी आरक्षण से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद चुनावी माहौल बन गया है। इसी बीच भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार होने का दावा करते हुए कांग्रेस पर चुनाव टालने और राजनीतिक लाभ लेने का आरोप लगाया है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने सोमवार को कहा कि पार्टी पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव पूरी संगठनात्मक ताकत के साथ लड़ेगी तथा जिला परिषद, पंचायत समितियों और नगरीय निकायों में बहुमत हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी चुनाव से भागने वाली पार्टी नहीं रही। चुनाव में हुई देरी का कारण केवल कानूनी पेचीदगियां और ओबीसी आरक्षण से जुड़ी प्रक्रिया रही। ओबीसी आयोग की रिपोर्ट और उससे संबंधित कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अब चुनाव कराने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। दाधीच ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसके पास झूठ के अलावा कुछ नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से जिलों का पुनर्गठन कर पंचायती राज चुनाव कराए थे लेकिन इसके बावजूद जिला परिषदों और पंचायत समितियों में भाजपा को अधिक बहुमत मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने पूरे कार्यकाल में चुनावी प्रक्रिया को लटकाने का काम किया जबकि भाजपा शुरू से ही समय पर चुनाव कराने के पक्ष में रही और संगठन स्तर पर लगातार तैयारियां करती रही। इधर राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पंचायत और निकाय चुनाव केवल स्थानीय निकायों तक सीमित नहीं रहेंगे बल्कि इन्हें प्रदेश की दोनों प्रमुख राजनीतिक पार्टियों की संगठनात्मक क्षमता और जनाधार की परीक्षा के रूप में भी देखा जाएगा। भाजपा इसे सरकार की नीतियों पर जनसमर्थन और संगठन विस्तार का अवसर मान रही है जबकि कांग्रेस स्थानीय मुद्दों के आधार पर चुनावी रणनीति तैयार कर रही है। ऐसे में अदालत के आदेश के बाद चुनावी बिगुल बजने से प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर और तेज होने की संभावना है।

## युवाशक्ति के जागरण से ही होगा समर्थ राष्ट्र का निर्माण : मंजू शर्मा




निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रकोष्ठ की ओर से मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र में शहम सुधरेंगे, युग सुधरेगा-हम बदलेंगे, युग बदलेगा थीम पर जिला स्तरीय सजल युवा संगम आयोजित किया गया। जागृत युवा-समर्थ राष्ट्र अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में 300 से अधिक युवाओं ने चरित्र निर्माण, व्यक्तित्व विकास, नशामुक्ति, आध्यात्मिक जागरण और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र का भविष्य युवाओं के संस्कारों पर निर्भर करता है तथा युवाओं से गायत्री मंत्र का नियमित जप कर सकारात्मक एवं नैतिक जीवन अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए गायत्री परिवार राजस्थान के जोन प्रभारी एवं मुख्य ट्रस्टी ओम प्रकाश अग्रवाल ने युवा शक्ति को राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए साधना, सेवा और संस्कार को जीवन का आधार बनाने पर बल दिया। सेवानिवृत्त वन अधिकारी नरेन्द्र शर्मा ने युवाओं से सफल होने के साथ समाज के लिए उपयोगी बनने का संदेश दिया। दीक्षा जामवाल, रामेश्वर शर्मा, दिनेश आचार्य, डॉ प्रशांत भारद्वाज, डॉ अजय भारद्वाज, डॉण् जितेंद्र और योगाचार्य रामेश्वर सिंह ने व्यक्तित्व विकास, राष्ट्रभक्ति, नशामुक्ति, विचार क्रांति, प्राकृतिक जीवनशैली तथा योग के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। युवा प्रकोष्ठ संयोजक हेमंत मिश्रा ने कहा कि संगम से युवाओं में आत्मविश्वास और राष्ट्रसेवा की भावना सुदृढ़ हुई। कार्यक्रम में गायत्री परिवार राजस्थान के ट्रस्टी सतीश भाटी, वेदना निवारण केन्द्र के व्यवस्थापक आरडी गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन दीक्षा जामवाल और हिमांशी ने किया जबकि जयपुर जिला समन्वयक केदार शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

## राज्यपाल की सराहना से गौरवान्वित हुए प्रिंस कॉलेज के विद्यार्थी



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे की अध्यक्षता में शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर में आयोजित हुए शेखावाटी ज्ञान सभा सम्मेलन में पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज के विद्यार्थियों के दल ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे। सम्मेलन में प्रिंस कॉलेज के विद्यार्थियों ने पोस्टर प्रदर्शनी में पंचकोश विषय पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से विषय से सम्बन्धित अनेक संवाद किये तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता को खूब सराहा। राज्यपाल से मिली सराहना पर प्रिंस एजुहब निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, चेयरमैन डॉ पीयूष सुण्डा, मुख्य प्रबंध निदेशक राजेश ढिल्लन, प्राचार्य डॉ मनीष यादव आदि ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाइयां दी।

## तहसील कार्यालय बना पार्किंग, कमरों के बाहर खड़े रहते हैं दोपहिया वाहन

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** तहसील कार्यालय परिसर में इन दिनों अव्यवस्था का आलम देखने को मिल रहा है। कार्यालय समय के दौरान तहसील भवन के अंदर तथा विभिन्न कमरों के बाहर मोटरसाइकिल और स्कूटियां खड़ी रहने से ऐसा प्रतीत होता है मानो तहसील कार्यालय नहीं बल्कि पार्किंग स्थल हो। कार्यालय परिसर के भीतर कमरों के बाहर दोपहिया वाहन खड़े होने से आमजन और कर्मचारियों की आवाजाही प्रभावित होती है। जरूरी कार्यों से आने वाले लोगों को कमरों तक पहुंचने में भी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# स्वतंत्रता संग्राम के महापुरुषों का जीवन प्रेरणादाई, सकारात्मक भाव करते हैं जाग्रत : मित्तल

निसं




**बीकानेर ( नवयत्न )।** शशिबाला मित्तल स्मृति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों की जीवनी सम्बन्धित पोस्टर प्रदर्शनी एवं प्रश्नोत्तरी का आयोजन अमर ज्योति माध्यमिक विद्यालय, गोपेश्वर बस्ती, गंगाशहर, बीकानेर में किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी विवेक मित्तल ने कहा कि महापुरुषों का जीवन हम सबके लिए विशेष तौर पर युवा पीढ़ी के लिए निश्चित रूप से प्रेरणादाई है। क्योंकि वर्तमान समय में जीवन में थोड़ा सा भी विपरीत समय या परिस्थिति आने पर हम तुरन्त ही निराशा के सागर में डूब जाते हैं तो स्वतंत्रता संग्राम के महापुरुषों का त्याग, बलिदान प्रेरणा देता है और हमें सकारात्मक की ओर ले जाता है।

क्योंकि स्वतंत्रता सेनानियों ने घोर कष्ट सहे, विकटतम परिस्थितियों का डटकर मुकाबला किया लेकिन निराशा के सागर में नहीं डूबे। कन्हैया लाल पवार ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों से हमें यही प्रेरणा और शिक्षा मिलती है की लक्ष्य प्राप्ति के लिए किए गए प्रयासों में अगर कोई बाधा उत्पन्न होती है तो हमें लक्ष्य से विमुख नहीं होना है धैर्य, संयम और बुद्धि का सदुपयोग करके उनका सामना करना है और आगे बढ़ना। विद्यार्थियों द्वारा दिए गए निर्धारित समय में पोस्टर अवलोकन करने के उपरान्त आयोजित प्रश्नोत्तरी में सोनम, मानसी, चिराग, वर्षा, पवन, दिव्या, अमित, मोनिका, भव्य, प्रथम और गौरी सही उत्तर दिये और पुरस्कार प्राप्त किया। शाला प्रबंधक राकेश पंवार, प्रिंसिपल सरिता एवं अन्य शिक्षकों का सहयोग प्राप्त हुआ।

# वृक्षारोपण किया



बाबूलाल शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** महावीर इंटरनेशनल झुंझुनू के द्वारा वीर मदन सिंह प्रेमी के सौजन्य से 25 छायादार वृक्ष वसंत विहार पार्क में लगाए गए। इस शुभ अवसर पर वीर अध्यक्ष वीर सत्यदेव दड़िया ने वीर मदन सिंह प्रेमी परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा इन पेड़ों की रक्षा सुरक्षा जिम्मेदारी भी दी गई। ऐसे ही इस जुलाई-अगस्त माह में महावीर इंटरनेशनल द्वारा हर वर्ष की भांति जगह-जगह वृक्ष लगाने का बीड़ा उठाया है। इस अवसर पर वीर डॉक्टर पवन पूनिया, वीर नितिन अग्रवाल, वीर गोविंद कुमावत, सचिव वीर पुष्कर जांगिड़, वीर मदन सिंह प्रेमी परिवार, वीर राजेंद्र सिंह भाटी, वीर जाकिर अली सिद्दीकी, वीर बूटीराम मोटसरा एवं अजय सिंह प्रेमी अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी, डॉक्टर संदीप प्रेमी, विकास अधिकारी राजकुमार प्रेमी, अनुसूया सिंह, सुरेश, दरियाव सिंह, रणजीत सिंह, बलबीर सिंह सारण आदि लोग मौजूद रहे।

# स्थापना दिवस पर बैंक ऑफ बड़ौदा ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

मधु दहिया




**बुहाना ( नवयत्न )।** बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने अपने 119वें स्थापना दिवस को सेवा और सामाजिक सरोकार के साथ मनाया। इस अवसर पर बैंक की भिर्र शाखा ने श्री श्याम मानव सेवा संस्थान, बुहाना में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर दिव्यांग एवं असहाय श्याम भक्तों के बीच खुशियां बांटी।

कार्यक्रम के दौरान बैंक की ओर से संस्थान में रह रहे दिव्यांग एवं बेसहारा श्याम भक्तों की सुविधा के लिए वॉटर डिस्पेंसर भेंट किया गया। वहीं सभी श्याम भक्तों को रसगुल्ले वितरित कर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया गया। शाखा प्रबंधक विवेक यादव ने कहा कि बैंक ऑफ़ बड़ौदा केवल बैंकिंग सेवाओं तक सीमित नहीं है बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के लिए भी लगातार कार्य कर रहा है। संस्थान प्रबंधक पिंकी सैनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। संस्थान निदेशक डॉ संदीप कुमार ने अतिथियों को संस्थान का भ्रमण कराते हुए बेसहारा एवं मानसिक रूप से असमर्थ श्याम भक्तों की सेवा, देखभाल और पुनर्वास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। अतिथियों ने संस्थान की सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर संस्थान की स्टाफ सदस्य कृष्णा देवी, प्रमिला चौधरी, सरोज कुमारी, सविता सिंह, सुहाना कुमारी, ममता कुमारी, नरेंद्र जांगिड़ सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अणुव्रत एक्टिविटी कॉन्टैसट में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया

निसं




**नोखा ( नवयत्न )।** अणुव्रत एक्टिविटी कॉन्टैसट 2026 में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया। नोखा की चार स्कूलों में आज एसीसी 2026 का आयोजन किया गया जिसमें निबंध, चित्रकला, गीत, कविता एवं गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नोखा गांव में बच्चों ने उत्साह से भाग लिया प्राचार्य डॉ सुशीला बारूपाल ने बताया की बालक-बालिकाओं ने परिवार की ताकत को समझा और उसके बारे में अपने विचार व्यक्त किया। प्रतियोगिता प्रभारी ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। नवीन आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय में रंग बिरंगी चित्रों के माध्यम से परिवार एवं रिश्तों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता प्रभारी दीप्ति ने बच्चों को विस्तार से जानकारी दी कि अणुव्रत समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास, मंत्री गजेंद्र पारख, सम्मानित सदस्य जयचंद बोथरा ने उपस्थित विद्यार्थियों को गीत, कविता एवं चित्र के माध्यम से परिवार एवं उसके महत्व पर प्रकाश डाला।

विद्यालय के ऋषभ बोथरा ने आभार व्यक्त किया। जय तुलसी विद्या विहार विद्यालय में 98 बालक बालिकाओं ने अलग-अलग समूह में भाग लिया। खुशबू ललवानी के अनुसार गायन एवं समूह गायन में बच्चों द्वारा रोचक प्रस्तुति दी गई। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिनियाला के प्राचार्य सुनील त्रिपाठी ने बताया कि प्रतियोगिता में 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया, अभिभावकों ने सराहना की। अध्यक्ष रमेश कुमार व्यास ने बताया कि विद्यालय स्तर के बाद जिला राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर इन प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा जिनमें विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे।

# एन डांस कार्निवल ऑडिशन में उभरी नई नृत्य प्रतिभाएं

निसं





**जयपुर ( नवयत्न )।** हरमाड़ा स्थित अक्षरधाम अकादमी में नृत्यशैली अकडेमी की ओर से आयोजित एन डांस कार्निवल के ऑडिशन में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन नवीन अनोरिया के निर्देशन में हुआ जबकि प्रतिभागियों का मूल्यांकन संजीव सर एवं कुणाल सर ने किया। अक्षरधाम अकादमी की प्रधानाचार्य अनु नेगी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और मंचीय कौशल का विकास करते हैं। उन्होंने शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए आयोजन के लिए विद्यालय का पूरा सहयोग देने की बात कही। आयोजन को सफल बनाने में निर्देशक सहायक सीमा शर्मा तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नृत्यशैली अकडेमी के अनुसार एन डांस कार्निवल का उद्देश्य प्रदेशभर की उभरती नृत्य प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना है। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागी अब प्रतियोगिता के अगले चरण में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने प्रधानाचार्य अनु नेगी, सीमा शर्मा, विद्यालय स्टाफ और अभिभावकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## छात्रावास समिति की बैठक संपन्न, घिटाला का इस्तीफा स्वीकार किया

अबूबकर बल्खी



**लाडनूं ( नवयत्न )।** श्री पोकर राम स्मृति किसान छात्रावास में प्रबंध कार्यकारिणी एवं साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पदेन अध्यक्ष मोहनराम जानु पूर्व सरपंच, ओडिंट ने की। बैठक में प्रबंधकारिणी के कुल 18 सदस्यों में से 16 सदस्य व छात्रावास के आजीवन सदस्य 56 कुल इस प्रकार 72 सदस्य बैठक में उपस्थित रहे। जिसमे मोहन राम जानू, पन्नालाल भांमू, नानूराम गोदारा, राम लाल निठारवाल, हनुमानराम भाखर, मनोहर सिंह भाखर, भीमसिंह आर्य, हरिसिंह जानु, भंवर लाल गोदारा, रामविनास मिर्धा, ओम प्रकाश मंडा, कुमाराम विसु एडवोकेट, रामकरण बीडासर, भंवर लाल मंडा, लिछमण राम जानु, भंवर लाल धोजक सहित आजीवन सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जगदीश प्रसाद घिंटाला महासचिव का इस्तीफा स्वीकार किया गया वहीं पिथाराम सारण कोषाध्यक्ष का निष्कासन किया गया। इसी क्रम में हुकमाराम कड़वा को भी प्रबंध कारिणी से हटाया गया। कोषाध्यक्ष पद के लिए मनोहर सिंह भाखर व महा सचिव पद पर राम निवास मिर्धा को 6 माह के लिए वैकल्पिक रूप से चुना गया। पदेन अध्यक्ष जानूं ने बताया कि शेष कार्यकारिणी यथावत रहेगी। उन्होंने कहा कि संस्था में ऐसे व्यक्तियों के लिए कोई स्थान नहीं है। जो संस्था के हितों के विपरीत जाकर कार्य करते हैं। जिससे छात्रावास का कार्य प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि भविष्य में काम करने वाले और समय देने वाले व्यक्तियों को प्राथमिकता देकर छात्रावास क्षेत्र में निर्णय लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि संस्था कार्यकारिणी एवं प्रबंध कार्यकारिणी की आगामी 18 अक्टूबर को होगी वहीं चुनाव 20 दिसंबर को संपन्न होंगे। इसके अलावा संस्था की बैठक से संबंधित किसी भी प्रकार के दुष्प्रचार से दूर रहने की बात कही गई।

## लैब असिस्टेंट भर्ती-2018 फर्जीवाड़ा: ओएमआर शीट में हेरफेर कर चयन पाने वाला एक और अभ्यर्थी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रयोगशाला सहायक (लैब असिस्टेंट) सीधी भर्ती परीक्षा-2018 में ओएमआर शीट में हेरफेर कर फर्जी तरीके से चयन पाने के मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने एक और वांछित अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। एसओजी की जांच में सामने आया कि आरोपित के वास्तविक अंक माइनस 4 (-04) थे लेकिन ओएमआर स्कैनिंग के दौरान मिलीभगत कर उसे 191 अंक दर्शा दिए गए। एसओजी गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ कर रही है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि प्रयोगशाला सहायक सीधी भर्ती परीक्षा-2018 में ओएमआर शीट में हेरफेर कर फर्जी तरीके से चयन पाने के मामले में एसओजी ने पंकज कुमार सैनी निवासी बांदीकुई जिला दौसा को गिरफ्तार किया। एसओजी की जांच में सामने आया कि आरोपी अभ्यर्थी पंकज कुमार सैनी के ओएमआर स्कैनिंग के दौरान फर्जी तरीके से 191 अंक दर्ज कर दिए गए थे। बाद में कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा संबंधित ओएमआर शीट की पुनः स्कैनिंग कराई गई तो उसके वास्तविक अंक माइनस 4 (-04) पाए गए। अब पंकज कुमार सैनी की गिरफ्तारी के बाद एसओजी को इस भर्ती फर्जीवाड़े से जुड़े अन्य आरोपियों और पूरे नेटवर्क के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिलने की उम्मीद है। एसओजी की जांच में सामने आया है कि ओएमआर स्कैनिंग एजेंसी राभव लिमिटेड के कार्मिक विनोद कुमार गौड़ और शादान खान ने मिलीभगत कर 27 अभ्यर्थियों की ओएमआर शीट में हेरफेर की थी। इस फर्जीवाड़े के जरिए इन अभ्यर्थियों को अनुचित तरीके से अंतिम (प्रोविजनल) चयन दिलाया गया। इस मामले में एसओजी पहले ही राभव लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक रामप्रवेश सिंह, कार्मिक विनोद कुमार गौड़ और शादान खान सहित फर्जी तरीके से चयन पाने वाले अभ्यर्थी महेन्द्र कुमार मीना, देवेन्द्र सिंह गुर्जर, विजय सिंह मीना, पिन्टू कुमार मीना और संजय कुमार सैनी को गिरफ्तार कर चुकी है। गौरतलब है कि एसओजी थाना में दर्ज प्रकरण की जांच के दौरान सामने आया कि ओएमआर स्कैनिंग करने वाली एजेंसी राभव लिमिटेड के कार्मिकों और निदेशक ने अभ्यर्थियों से मिलीभगत कर अंकों में बड़े स्तर पर हेरफेर किया था। इस खुलासे के बाद एसओजी ने कार्रवाई तेज कर दी।

## सैनी समाज के प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारी को दिया अंतिम रूप

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय माली सैनी विचार संगम संस्थान श्रीमाधोपुर के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी के अनुसार सैनी समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन बुधवार 22 जुलाई भड़ल्या नवमी को जालपाली मोड श्रीमाधोपुर पर स्थित उत्सव मैरिज गार्डन में आयोजित किया जा रहा है। सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफलतम बनाने के लिए संस्थान के सदस्य व समाज के अन्य लोगों ने करीब करीब सभी गांवो में जाकर प्रचार प्रसार किया है। विवाह समिति के अध्यक्ष रामगोपाल सैनी व विवाह समिति की कोषाध्यक्ष राकेश कुमार सैनी के अनुसार विवाह सम्मेलन की सभी तैयारियां को अंतिम रूप दे दिया गया है। संस्थान के महामंत्री व संयोजक रूड़मल सैनी ने माली सैनी समाज के लोगों से आग्रह किया है कि विवाह योग्य बालक बालिकाओं का विवाह इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में कराने में सहयोग करें। कार्यक्रम अनुसार 22 जुलाई बुधवार को प्रातः 7:30 बजे गणेश पूजन व मंडप स्थापना, प्रातः 8 बजे सियाला, 10 बजे तोरण, सुबह 11 से शाम 5 बजे तक अतिथि मंच उद्बबोधन, 12:15 बजे से पाणी ग्रहण संस्कार, शाम 5 बजे से आशीर्वाद व विदाई, सुबह 10 से 6 बजे तक प्रीतिभोज का आयोजन किया जाएगा। कस्बा श्रीमाधोपुर, छीलावाली, नायन अमर, मूंडरू, खंडेला, दीवराला, ढालियावास, पृथ्वीपुरा, महरौली, अरनिया, जाजोद, अजीतगढ़, आभावास, लिसाडिया, हांसपुर, गुढ़ा, कांवट, थोई आदि गांवों में समाज के लोगों में इस सम्मेलन के प्रति काफी उत्साह नजर आ रहा है।

## लाइब्रेरी पर कार्यवाही, निगम की टीम ने किया सीज

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** नगर निगम की फायर एनओसी टीम ने एक और लाइब्रेरी पर कार्यवाही करते हुए उसे सीज किया गया है। फायर ऑफिसर रेवंत सिंह के नेतृत्व में कार्यवाही हुई। जानकारी के अनुसार लाइब्रेरी को बिना फायर एनओसी के चलाया जा रहा है, जिसकी सूचना पर निगम की टीम मौके पर पहुंची और करणी नगर स्थित बुकबडी लाइब्रेरी को सीज किया गया। दरअसल कोचिंग संस्थानों में जिस तरह आगजनी की घटनाएं हो रही है, उसे देखते हुए सरकार के निर्देशों पर कोचिंग संस्थानों व लाइब्रेरी का निरीक्षण किया जा रहा है जहां फायर शेफ्टी को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है कहीं फायर शेफ्टी नियमों की पालना नहीं हो रही वहां सीज की कार्यवाही की जा रही है।




# स्पेन बना फुटबॉल वर्ल्ड चैंपियन

## अर्जेंटीना को 1-0 से हराया • फेरान टोरेस का गोल बना जीत का हीरो

- स्पेन ने अतिरिक्त समय में अर्जेंटीना को 1-0 से हराकर दूसरी बार पुरुष फुटबॉल विश्व कप का खिताब अपने नाम किया.
- मैच का एकमात्र गोल 106वें मिनट में फेरान टोरेस ने किया.
- एंजो फर्नांडिज को रेड कार्ड मिलने के कारण अर्जेंटीना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा.
- स्पेन ने पूरे मैच में अधिक और बेहतर मौके बनाए और मैच पर दबदबा बनाए रखा.
- स्पेन एक साथ पुरुष और महिला विश्व कप का खिताब रखने वाला दुनिया का पहला देश बन गया.
- हालांकि रोमांचक मुकाबला लगातार रूकावटों और कड़े संघर्ष के कारण थकाऊ बन गया.



**फेरान टोरेस का विजयी गोल**


106वें मिनट में निको विलियम्स के हेड़र को कंट्रोल करते हुए नजदीक से जोरदार शॉट लगाया, जो गलिकीपर मार्टिनेज नहीं रोक सके.



## अर्जेंटीना की हार की 5 अहम वजहें


### 1 मेसी पर ज़रूरत से ज्यादा निर्भरता

स्पेन ने मेसी को पूरी तरह शांत रखा. मेसी एक भी शॉट गोल के निशाने पर नहीं लगा सके और अपनी छाप नहीं छोड़ पाए.



### 2 डिफेंसिव मोड में टीम

अर्जेंटीना ने आक्रामक खेल के बजाय स्पेन के खेल को बाधित करने की कोशिश की. टीम ने लगातार रक्षात्मक खेल खेला और मुश्किल से अतिरिक्त समय तक टिक पाई.




### 3 स्पेन के मिड़फील्ड का दबदबा

रॉडरि, पेड़ी और ओल्मो ने मिडफील्ड में पूरा नियंत्रण रखा. स्पेन ने गेंद पर कब्जा बनाए रखा और अर्जेंटीना को लय हासिल नहीं करने दी.



### 4 एक खिलाड़ी की कमी

इंजरी टाइम में एंजो फर्नांडिज को दूसरा पीला कार्ड मिला और टीम 10 खिलाड़ियों के साथ खेलनी पड़ी. अतिरिक्त समय में स्पेन ने इस बढ़त का फायदा उठाया.



### 5 स्पेन ने दिखाई टीम की ताकत

स्पेन के पास भले ही बड़े सुपरस्टार नहीं, लेकिन पूरी टीम ने एक मशीन की तरह सामूहिक खेल दिखाया और खिताब जीत लिया.




**फेरान टोरेस विजयी गोल**




106वें मिनट में किया एकमात्र गोल, जो स्पेन को चैंपियन बनाने के लिए काफी साबित हुआ.

**एंजो फर्नांडिज रेड कार्ड**



इंजरी टाइम में दूसरा पीला कार्ड मिलने के बाद अर्जेंटीना को 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा.

**एमिलियानो मार्टिनेज़ कई शानदार बचाव**



लामिन यमल की फ्री-किक और निको विलियम्स के हेडर पर बेहतरीन बचाव कर टीम को बचाए रखा.

**स्पेन दूसरी बार चैंपियन**



16 साल बाद दूसरी बार विश्व कप का खिताब अपने नाम किया और इतिहास रच दिया.

**लुईस दे ला फुएंते मास्टरमाईड कोच**



टीम को एकजुट किया, शानदार रणनीति बनाई और स्पेन को फिर से विश्व फुटबॉल के शिखर पर पहुंचाया.

## स्पेन – गर्व, जुनून और टीम वर्क की जीत!

## गोपुष्टी महायज्ञ व भक्तमाल कथा में धर्म और संस्कारों का दिया संदेश

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सांगानेर के तिवड़िया बालाजी धाम स्थित हनुमान मंदिर मैदान में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालयोगी बाल कृष्णदास महाराज के सानिध्य में आयोजित गोपुष्टी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत भक्तमाल कथा का पंचम दिवस भी श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। कथा और महायज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन से जुड़े जोई राम सोई राम महाराज ने बताया कि यह सामूहिक हवन-यज्ञ किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि समाज एवं क्षेत्र के सामूहिक कल्याण की भावना से आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्मकार्य में सहभागिता निभाने की अपील की। कथा के दौरान आचार्य बाल योगी नोमिनाथ दास महाराज ने भक्तमाल कथा में महाभारत का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि अंततः धर्म की ही विजय होती है और अधर्म का विनाश निश्चित है। उन्होंने माता मदालसा के प्रसंग के माध्यम से संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कारवान माता ही संस्कारी संतान का निर्माण कर सकती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने माता-पिता एवं परिवार के बड़े-बुजुर्गों की सेवा और सम्मान करें। वहीं अभिभावकों से भी अपनी संतानों को समझने और उनमें अच्छे संस्कार विकसित करने का आग्रह किया। सांयकालीन सत्र में वृंदावन से आए कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी रासलीला का भव्य मंचन किया। रासलीला के दौरान देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर भक्ति एवं उल्लास के वातावरण से सराबोर रहा। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता बनी हुई है।

## वृक्ष कथा से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** मानसून के आगमन के साथ राजधानी में पारिवारिक एवं मांगलिक आयोजनों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने की अनूठी पहल की जा रही है। जवाहर नगर, मुरलीपुरा और श्याम नगर में आयोजित वृक्ष कथा कार्यक्रमों में वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पॉलीथीन मुक्त भारत का संदेश दिया गया। नवजात शिशु के आगमन सहित विभिन्न शुभ अवसरों पर लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। मुख्य वक्ता एवं पर्यावरणविद् डॉ अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्ष जीवनदाता हैं और जन्मोत्सव, विवाह व वर्षगांठ जैसे अवसरों पर वृक्ष लगाने की परंपरा विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने जल, जंगल, जानवर और जन की सुरक्षा के लिए वृक्षारोपण को सबसे प्रभावी माध्यम बताया। जवाहर नगर के झूलेलाल पार्क में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी रवि नियर मुख्य अतिथि और बंसतानंद महाराज अध्यक्ष रहे। मुरलीपुरा में जोशी परिवार ने नवजात निशांत जोशी के आगमन पर वृक्ष कथा आयोजित कर पौधरोपण का संकल्प लिया जबकि श्याम नगर में रतन कुमारी की मौजूदगी में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रमों में अर्पण सेवा फाउंडेशन के संयोजक ओम बहरोड़ एवं उनकी टीम ने बर्ड हाउस, बर्ड वाटर कूलर, पौधे और खेल सामग्री वितरित कर पक्षी एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

## ट्रेन से गिरने से 35 वर्षीय युवक की मौत

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में चलती ट्रेन से गिरने के कारण 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाने शुरू किए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीकानेर-दिल्ली सराय रोहिल्ला एक्सप्रेस से एक युवक के गिरने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना के आधार पर पुलिस परसनेऊ की ओर रेलवे लाइन पर पोल संख्या 343/11 के पास पहुंची, जहां एक युवक का शव पड़ा मिला। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए तथा पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई। जांच के दौरान मृतक की पहचान कमल कुमार पुत्र रामस्वरूप कोली निवासी नंद नगरी, दिल्ली के रूप में हुई। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को राजकीय चिकित्सालय, राजलदेसर की मोर्चरी में रखवाया। प्रारंभिक जांच में मामला ट्रेन से गिरने का प्रतीत हो रहा है हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि युवक दुर्घटनावश गिरा या घटना के पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

# राजस्थान वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना

# काठमांडू के लिए पहले हवाई जत्थे को मंत्री जोराराम ने दिखाई हरी झंडी

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2026 के तहत हवाई यात्रा का सोमवार को भव्य आगाज हो गया। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने 43 वरिष्ठ नागरिकों के पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह दल जयपुर के सिंधी कैंप स्थित होटल महादेव विला से बस द्वारा नई दिल्ली के लिए रवाना हुआ। जहां से वे हवाई जहाज से काठमांडू, नेपाल पहुंचेंगे। सभी वरिष्ठ तीर्थयात्री काठमांडू में स्थित प्रसिद्ध बाबा पशुपतिनाथ मंदिर के दर्शन करेंगे। पशुपतिनाथजी के साथ-साथ काठमांडू के अन्य प्रमुख दर्शनीय धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण कराया जाएगा। देवस्थान मंत्री कुमावत ने कहा कि हमारी सरकार का मुख्य ध्येय हमारे बुजुर्गों के जीवन को सुगम और भक्तिमय बनाना है। उन्होंने कहा कि जो बुजुर्ग कभी हवाई जहाज में बैठने का सपना देखते थे, आज सरकार उन्हें सीधे बाबा पशुपतिनाथ के द्वार पहुंचा रही है। मंत्री कुमावत ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा में कई सुधार किए गए हैं। कुमावत ने बताया कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय हवाई यात्रा पर जाने वाले यात्रियों को धर्मशाला में ठहराया जाता था लेकिन अब उनके लिए 3 स्टार होटलों में ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन सरकार के समय काठमांडू में यात्रियों की एक दिन ठहराया जाता था मगर अब 2 दिन ठहराया जाता है। अब यात्री पशुपतिनाथ मंदिर दर्शन के साथ-साथ बुढ़ानीलकंठ मंदिर व बोधनाथ स्तूप के भी दर्शन कर सकते हैं। तीर्थयात्रियों के आराम के लिए काठमांडू में 3-स्टार होटल में रुकने की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सहायता, सुरक्षा और मार्गदर्शन के लिए 01 सरकारी अनुरक्षक और 01 आईआरसीटीसी का स्टाफ पूरी यात्रा में साथ रहेगा। यह पहला दल अपनी धार्मिक यात्रा पूरी करके 22 जुलाई को वापस जयपुर लौटेगा। देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने आगामी शेड्यूल को लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने बताया कि 20 जुलाई से 22 सितंबर 2026 तक हर दिन काठमांडू के लिए हवाई यात्रा का संचालन किया जाएगा। 22 सितंबर तक कुल 2860 वरिष्ठ नागरिकों को पशुपतिनाथजी के दर्शन करवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसमें बीकानेर व चूरू जिले से 28 जूलाई तक कुल 382 यात्री पशुपति नाथजी के दर्शन कर सकेंगे। इनमें बीकानेर जिले के 205 व चूरू जिले के 177 यात्री शामिल हैं ।

अक्टूबर और नवंबर के महीनों में त्योहारों के कारण हवाई यात्राएं स्थगित रहेंगी। बचे हुए हवाई तीर्थयात्रियों को दिसंबर महीने से दोबारा काठमांडू दर्शन के लिए भेजा जाएगा। राजस्थान सरकार की इस पहल से बुजुर्गों में भारी उत्साह है और पहले दल के यात्रियों को विदा करते समय पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील कुमावत, आईआरसीटीसी के अपर महाप्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह, देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त जयपुर प्रथम रतन लाल योगी व जयपुर सकिंड महेंद्र देवतवाल, बीकानेर के सहायक आयुक्त गौरव सोनी सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

## पटवार भर्ती-2021 फर्जीवाड़ा

## डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाकर नौकरी पाने वाला पटवारी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में प्रतियोगी परीक्षाओं में डमी अभ्यर्थी बैठाकर सरकारी नौकरी हासिल करने वालों के खिलाफ स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में एसओजी ने पटवार भर्ती परीक्षा-2021 में अपनी जगह डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाकर अंतिम रूप से चयनित होने वाले मूल अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है। आरोपित सरकारी सेवा में पटवारी के पद पर कार्यरत था और वर्तमान में निलंबित चल रहा था। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि पटवार भर्ती परीक्षा-2021 में अनुचित साधनों के इस्तेमाल को लेकर एसओजी कार्यालय को गोपनीय शिकायत मिली थी। शिकायत की गोपनीय जांच में आरोप सही पाए जाने पर एसओजी थाने में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई। जहां जांच में सामने आया कि मूल अभ्यर्थी दिनेश कुमार विश्नोई ने एक मध्यस्थ की मदद से अपने प्रवेश पत्र पर डमी अभ्यर्थी का फोटो चस्पा कर दिया तथा फर्जी हस्ताक्षर करवाए। इसी फर्जी प्रवेश पत्र के आधार पर 23 अक्टूबर 2021 को उदयपुर स्थित परीक्षा केंद्र पर डमी अभ्यर्थी ने परीक्षा दी। एसओजी के अनुसार दिनेश कुमार ने अपनी जगह परीक्षा दिलवाने के लिए दलाल के माध्यम से डमी अभ्यर्थी को 5 लाख रुपए नकद दिलवाए थे। परीक्षा के बाद उसका अंतिम चयन पटवारी पद पर हो गया। फर्जीवाड़े के जरिए चयनित होने के बाद दिनेश कुमार की नियुक्ति पटवार हल्का मंगरीवाड़ा, तहसील रेवदर जिला सिरोही में हुई थी। वह वर्तमान में उपखंड अधिकारी कार्यालय, पिंडवाड़ा से संबद्ध रहते हुए निलंबित चल रहा था। जिस पर पुलिस महानिरीक्षक एसओजी अजयपाल लाम्बा के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित दिनेश कुमार विश्नोई निवासी सांचौर को गिरफ्तार किया। वहीं एसओजी ने इस मामले में दलाल की पहचान चौथाराम विश्नोई ; निवासी लियादरा, जिला सांचौर और डमी अभ्यर्थी की पहचान विक्रम विश्नोई निवासी मीरपुरा, थाना करडा रानीवाड़ा, जिला जालौर के रूप में की है। दोनों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। एसओजी अब इस भर्ती फर्जीवाड़े से जुड़े पूरे नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। अधिकारियों का मानना है कि पूछताछ में डमी अभ्यर्थियों और भर्ती माफिया से जुड़े अन्य लोगों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आ सकती हैं।

## रीको के रीजनल मैनेजर बंसल का किया अभिनंदन

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** रीको के नवनियुक्त रीजनल मैनेजर मनोज बंसल के बीकानेर आगमन पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, जिला इकाई बीकानेर एवं अग्रवाल समाज चेतना समिति, बीकानेर की ओर से उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के प्रतिनिधियों ने बंसल का साफा एवं माल्यार्पण कर सम्मान किया तथा उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज चेतना समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार देवड़ा, दाल मिल अध्यक्ष जय किशन अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, जिला इकाई के अध्यक्ष सुशील बंसल, जिला उद्योग संघ के उपाध्यक्ष नरेश मित्तल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के महामंत्री गोपाल अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र अग्रवाल, नवरत्न अग्रवाल, संजय गोयल, प्रवेश गोयल सहित अनेक अग्रबंधु उपस्थित रहे। बैठक के दौरान समाज एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने बीकानेर के चारों औद्योगिक क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की कमी, नियमित कचरा उठान, सड़क एवं आधारभूत सुविधाओं के रखरखाव सहित अन्य औद्योगिक समस्याओं की ओर रीको के रीजनल मैनेजर का ध्यान आकर्षित किया। प्रतिनिधियों ने कहा कि इन समस्याओं के कारण उद्योगों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, इसलिए इनका शीघ्र समाधान आवश्यक है। रीको के रीजनल मैनेजर मनोज बंसल ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना रीको की प्राथमिकता है तथा बीकानेर के चारों औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। उपस्थित समाज प्रतिनिधियों ने रीको प्रशासन से उद्योगों के हित में सकारात्मक सहयोग की अपेक्षा व्यक्त करते हुए बंसल के आश्वासन पर विश्वास जताया।

## बावरिया गैंग का पर्दाफाश

### रात में शटर-ताले तोड़ने वाला शातिर हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** करधनी थाना पुलिस ने रात के समय बंद दुकानों के ताले और शटर तोड़कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाली अंतर्राज्यीय बावरिया गैंग का पर्दाफाश करते हुए उसके सरगना एवं कालवाड़ थाने के हिस्ट्रीशीटर दीपू बावरिया उर्फ चूचिया निवासी नरेना हाल मांचवा कालवाड़ को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त की है। आरोपी के खिलाफ जयपुर, दौसा और जोधपुर सहित विभिन्न जिलों में करीब 32 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जेल से बाहर आने के बाद अपने साथियों के साथ जयपुर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में रात के समय बंद दुकानों को निशाना बनाता था। चोरी का सामान बेचकर मिलने वाली रकम गैंग के सदस्य आपस में बांट लेते और ऐशो-आराम में खर्च करते थे। आरोपी के खिलाफ झोटवाड़ा, शाहपुरा जयपुर ग्रामीण, मुहाना सहित कई थानों के स्थायी वारंट भी लंबित हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दौसा और जोधपुर के विभिन्न थानों में लूट, नकबजनी,, वाहन चोरी, बिजली अधिनियम और आर्म्स एक्ट सहित करीब 32 मुकदमे दर्ज हैं। अकेले करधनी थाने में उसके खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं जबकि झोटवाड़ा, मानसरोवर, शिप्रापथ, भांकरोटा, कालवाड़, मुहाना, फुलेरा, शाहपुरा, दौसा कोतवाली और जोधपुर के कुड़ी भगतासनी थाने में भी उसके खिलाफ प्रकरण लंबित हैं। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश और अन्य चोरी की वारदातों के खुलासे में जुटी है।



## नवनियुक्त थानाधिकारी का किया स्वागत



**बीकानेर ( नवयत्न )।** सर्व समाज मित्र एकता सेवा समिति के तत्वावधान में पुलिस थाना जयनारायण व्यास कॉलोनी थाना में नवनियुक्त थाना अधिकारी देवेन्द्र सिंह का सोमवार की शाम को स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। संरक्षक सुनील दत्त नागल ने बताया कि इस अवसर पर सेवा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं बीजेपी नेता राजकुमार जीनगर, रामकिशोर यादव, सैय्यद अख्तर, के. कुमार आहूजा, देवेश भाटी, खेमेन्द्र जीनगर, रामकिशन महाराज, विजय शंकर गहलोत मौजूद थे। स्वागत करने के दौरान सर्व समाज मित्र एकता सेवा समिति के पदाधिकारियों ने थाना अधिकारी देवेन्द्र सिंह का साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत अभिनन्दन किया तथा उनके सफल एवं जन सेवा भाव से परिपूर्ण कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। स्वागत कार्यक्रम के अंत में आगुंतक सभी जनों को नशे से दूर रहने की थानाप्रभारी ने शपथ दिलाते हुए स्वयं ने भी शपथ ली।

### नाम परिवर्तन

मैं मोहम्मद रफीक पुत्र लाल मोहम्मद वार्ड नं. 18 मोहल्ला बटवालान, तहसील व जिला झुंझुनूं। यह कि मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में मेरा नाम MO RAFIQ (मोहम्मद रफीक) व माता का नाम SALMA BANO (सलमा बानो) तथा मेरी पुत्री की जन्मतिथि 1.7.2007 दर्ज हो गए। जबकि मेरा सही नाम MOHD RAFIQ व माता का SALMA BANO RAYIN (सलमा बानो रायन) व मेरी पुत्री की जन्मतिथि 1.7.2010 है, जिसे स्कूल रिकॉर्ड में दर्ज किया जावे।

# मुनाफे की खातिर सेहत से खिलवाड़ : मिलावट का कारोबार बेलगाम

## विशेषज्ञ बोले बच्चों और बुजुर्गों की सेहत सबसे ज्यादा खतरे में

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जिस दूध को पोषण और स्वास्थ्य का आधार माना जाता है, वही आज मिलावटखोरों की कमाई का सबसे बड़ा जरिया बनता जा रहा है। प्रदेश में समय-समय पर मिलावटी दूध, मावा, घी, तेल और मिर्च-मसालों के बड़े मामले सामने आने के बावजूद इस पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद मिलावट का कारोबार जारी रहने से खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। प्रदेश में आए दिन मिलावटी खाद्य पदार्थों की खेप पकड़ी जा रही है लेकिन इसके बावजूद बाजार में मिलावट का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा। ऐसे में आम उपभोक्ता के सामने यह चिंता बनी हुई है कि उसके घर पहुंचने वाला दूध और अन्य खाद्य पदार्थ शुद्ध हैं या उनमें हानिकारक रसायनों की मिलावट की गई है।

### कार्रवाई की प्रभावशीलता पर सवाल

लगातार सामने आ रहे मामलों के बाद आम लोगों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि यदि विभाग की कार्रवाई वास्तव में प्रभावी होती तो मिलावटखोर बार-बार सक्रिय कैसे हो जाते। लोगों का मानना है कि त्योहारों के दौरान सैंपलिंग और छापेमारी तो होती है लेकिन वर्षभर चलने वाले मिलावट के कारोबार पर प्रभावी अंकुश नहीं लग पा रहा है। इससे कानून का डर भी कम होता दिखाई दे रहा है।

### स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार दूध और अन्य खाद्य पदार्थों में डिटर्जेंट, यूरिया, सिंथेटिक केमिकल और अन्य हानिकारक पदार्थों की मिलावट गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती है। इन रसायनों का सबसे अधिक असर किडनी, लिवर और पाचन तंत्र पर पड़ता है। विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए ऐसे मिलावटी खाद्य पदार्थ सबसे अधिक नुकसानदायक साबित हो सकते हैं।

### जनता के सामने बड़ा सवाल

लगातार सामने आ रहे मामलों के बीच लोगों के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि वे अपनी मेहनत की कमाई से शुद्ध खाद्य पदार्थ खरीद रहे हैं या बीमारियां। लोगों का कहना है कि जब सरकार के पास खाद्य सुरक्षा के लिए अलग विभाग, कानून और जांच की व्यवस्थाएं मौजूद हैं, तब भी मिलावट के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण क्यों नहीं हो पा रहा है।



### कड़े कदम उठाने की मांग

लोगों और विशेषज्ञों का मानना है कि मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए केवल मौसमी अभियान पर्याप्त नहीं हैं। इसके लिए पूरे वर्ष नियमित औचक निरीक्षण और सैंपलिंग की आवश्यकता है। साथ ही जांच रिपोर्ट का त्वरित निस्तारण कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए। मिलावट के गंभीर मामलों में दोषियों की संपत्ति जब्त करने और उनके व्यापारिक लाइसेंस निरस्त करने जैसे सख्त कदम उठाने की भी मांग की जा रही है। वहीं लगातार सामने आ रहे मिलावट के मामलों के बीच आम लोगों का कहना है कि आखिर मिलावटखोरों पर प्रभावी और कड़ी कार्रवाई कब होगी और कब तक कुछ लोगों के मुनाफे के लिए आमजन की सेहत से खिलवाड़ होता रहेगा। खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों के मुताबिक प्रदेश में खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ विभाग की ओर से लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। नियमित रूप से औचक निरीक्षण, सैंपलिंग और छापेमारी की जा रही है। जांच में खाद्य पदार्थ अमानक या मिलावटी पाए जाने पर संबंधित खाद्य कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाती है। विभाग का उद्देश्य आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है और मिलावट करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कार्यालय तहसीलदार नीमकाथाना जिला सीकर (राज.)

क्रमांक रीडर/2026/367-69 दिनांक 11.03.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है प्रथम पक्ष बींजा पुत्र नन्दा कौम गुर्जर निवासी ढाणी कालीकाला तन गणेश्वर तहसील नीमकाथाना जिला सीकर द्वारा अपनी सम्पत्ति कि एक पंजीकृत वसीयत द्वितीय पक्ष नारायणी पुत्री बींजा कौम गुर्जर पत्नि रामकुंवार जाति गुर्जर निवासी ढाणी गुवार तन दीपावास तहसील नीमकाथाना के पक्ष में दिनांक 09.12.1996 के पक्ष में संपादित की गई थी। प्रथम पक्ष की मृत्यु हो चुकी है एवं द्वितीय पक्ष उनके नाम से ग्राम गणेश्वर के भूमि खसरा नम्बर 2861 रकबा 0.14 है., खसरा नम्बर 2862 रकबा 0.05 है., खसरा नम्बर 2863 रकबा 0.05 है., खसरा नम्बर 2864 रकबा 0.14 है., खसरा नम्बर 2865 रकबा 0.19 है., खसरा नम्बर 2866 रकबा 0.35 है., खसरा नम्बर 2867 रकबा 0.38 है., खसरा नम्बर 2874 रकबा 0.43 है., खसरा नम्बर 2875 रकबा 0.24 है., खसरा नम्बर 2876 रकबा 0.22 है., खसरा नम्बर 2877 रकबा 0.43 है., खसरा नम्बर 2887 रकबा 0.15 है., खसर नम्बर 2888 रकबा 0.14 है. कुल किता 13 रकबा 2.91 है. में से हिस्सा 1/5 द्वितीय पक्ष ने अपने नाम दर्ज करने हेतु निवेदन किया गया कि उक्त वसीयत के सबंध में कोई आपत्ति हो उज्रदारी हो तो आप असालतन या वकालतन उपस्थित होकर प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस/एक माह में वजह जाहिर कर सकते है। उक्त अवधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह सार्वजनिक ईश्तिहार आज दिनांक 11/3/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी किया गया।

*तहसीलदार नीमकाथाना*

दैनिक नवयत्न
www.dainiknavyatn.com
Follow us on /dainiknavyatn


# कांग्रेस ने की वाल्मीकि समाज की अनदेखी : बाबूलाल कुलदीप

निसं



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने कहा है कि सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के साथ-साथ चूरू जिले की अनुसूचित जाति वर्ग को कांग्रेस ने दरकिनार कर दिया है, जिससे लगता है कि अनुसूचित जाति भी कांग्रेस से नाराज हो चुकी है। कुलदीप ने हाल ही में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल द्वारा घोषित की गई कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी की बात करते हुए कहा कि कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने वाल्मीकि, सांसी, रैगर समाज, नायक, बावरी, धोबी, साटिया या अन्य कोई भी जाति समाज, जो एससी वर्ग में आता है, उन सबको दरकिनार करते हुए केवल एक जाति के लोगों को तरजीत दी है, जो अनुसूचति जाति वर्ग के साथ बड़ा खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि एससी की अन्य जातियों से एक भी पदाधिकारी जिले की कार्यकारिणी में नहीं लिया जाना चिंता का विषय है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। कुलदीप ने बताया कि कांग्रेस भाजपा में यही अंतर है। कांग्रेस हमेशा अपने परिवार और खुद के व्यक्तित्व की बात करती है जबकि भाजपा 36 कौम की बात करने वाली और अंतिम कार्यकर्ता का ध्यान रखने वाली पार्टी है। हर जाति वर्ग को साथ लेकर चलना ही भाजपा की सफलता का कारण है।

# चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तूनवाल ने प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के अनुमोदन के पश्चात् चूरू जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी की घोषणा की है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल की इस कार्यकारिणी में प्रदेश अध्यक्ष संगठन महासचिव भंवरलाल जसैल, कोषाध्यक्ष फकीरचंद दानोदिया, उपाध्यक्ष पद पर उमरदीन सैयद, शेर खान मलकान, आदुराम न्यौल, दीवानसिंह भानीसरिया, करतार टांडी, रामप्रताप कांटीवाल, कृष्ण सहारण, गिरधारी बांगड़वा, विद्याधर बेनीवाल, इदरीश गौरी को नियुक्त किया गया है। जबकि महासचिव पद पर प्रताप मेघवाल, अरविन्द चाकलान, अर्चना सारस्वत, मदन शर्मा, कन्हैयालाल शर्मा, संजय पूनिया, प्रताप कस्वां, रजिया गहलोत, शिव कुमार शर्मा, ईश्वरसिंह पूनिया, जंगशेर भुवन, महावीर पूनिया, परमेंद्र सिहाग, गणेश ढ़ाका, रामचंद्र गोदारा को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सचिव पद पर जसकरण गौड़, सतवीर पूनिया, छगन धोलपुरिया, करतार पूनिया, संजीव पूनिया, महेंद्र ढूकिया, विजय कुमार माली, राजू देवी जांगिड़, मुख्त्यार अहमद खान, लूणाराम सैनी, चंदनमल मेघवाल, विजयपाल मुहाल, रामस्वरूप झाझड़िया, सलीम खान, बीरबल नाथ, सुरेंद्र स्वामी, कमला पूनिया, अमित मारोठिया, अब्दुल लतीफ, जयसिंह नायक को नियुक्ति दी गई है। प्रवक्ता रामेश्वर प्रजापत, जमील चौहान को बनाया गया है। सोशल मीडिया की जिम्मेदारी प्रशांत चाहर, हेमंत सिहाग को दी गई है। वहीं कांग्रेस नेता अजय ढ़ेनवाल ने कहा कि समर्पित होने के बावजूद भी वाल्मीकि समाज से एक भी पदाधिकारी को कार्यकारिणी में शामिल नहीं किया जाना चिंता का विषय है।

# शतरंज प्रतियोगिता आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय शतरंज दिवस के अवसर पर दयानंद विद्या विहार स्कूल में भव्य शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न आयु वर्गों में नंदिनी, दीक्षा, अंतरिक्ष, तनीषा, वैभव, रेहान, नितेश, शिवम, इलेश और एकलव्य विजेता रहे। प्रधानाध्यापिका सुनीता अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के डायरेक्टर मनोज मित्तल ने इस अवसर पर कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में बौद्धिक विकास होता है और उनकी तार्किक क्षमता बढ़ती है। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में इशिता प्रजापत, कृतिका बिनवानी, राधा पारिक, मनीषा शर्मा, संतोष सोनी आदि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# पांच दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव 25 से

ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के अंजनी माता महावीर हनुमान मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के तहत पांच दिवसीय विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। मंदिर के पुजारी राधेश्याम पारीक ने बताया 25 जुलाई से 28 जुलाई तक नानी बाई का मायरा का आयोजन होगा जिसमें कथावाचक तुलसीराम पांडे वाचन करेंगे। मायरा का समय दोपहर 1 बजे से 5 तक होगा। 28 जुलाई को रात्रि को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें संत रामदास महाराज चीमा बाबा फतेहपुर एवं राम अवतार मारवाड़ी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 29 जुलाई को प्रात: 8:30 बजे भव्य ज्योत का आयोजन होगा। सवा 11 बजे गुरु पूजन एवं प्रसाद का वितरण होगा। भव्य आयोजन को लेकर मंदिर के भक्त जोर-जोर से तैयारी में लगे हुए हैं साथ ही इस भव्य आयोजन को लेकर कस्बे में अलग-अलग जगह श्रद्धालुओं के लिए आने जाने हेतु बसों की व्यवस्था की गई है।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने किया साइबर सुरक्षा अभियान पोस्टर का विमोचन

निसं




**जयपुर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को साइबर सुरक्षा अभियान पोस्टर का विमोचन करते हुए कहा कि वर्तमान समय डिजिटल क्रांति का युग है। तकनीक ने जहां जीवन को सरल और सुविधाजनक बनाया है, वहीं साइबर अपराध जैसी नई चुनौतियां भी सामने आई हैं। उन्होंने कहा साइबर अपराधियों के विरुद्ध राज्य सरकार सख्ती से कार्य कर रही है।

इसके लिए प्रदेशभर में साइबर अपराधियों की पहचान, गिरफ्तारी और उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा नवाचारों के माध्यम से साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। राज्य में राजस्थान साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर के माध्यम से साइबर अपराध की रोकथाम, अनुसंधान, तकनीकी समन्वय तथा विभिन्न एजेंसियों के मध्य त्वरित सूचना साझा करने के लिए अत्याधुनिक मंच बनाया जा रहा है। साथ ही साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं ऑपरेशन एंटीवायरस जैसे अभियानों के माध्यम से साइबर पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी संदेहास्पद लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी, बैंक विवरण अथवा पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें और किसी भी संदिग्ध कॉल या संदेश के झांसे में न आएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई साइबर ठगी का शिकार होता है तो वह तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क करे अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि सुरक्षित नागरिक, सुरक्षित डिजिटल व्यवस्था और सुरक्षित राजस्थान का संकल्प राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## गुटखा-बिड़ी की बात पर युवक की गला घोंटकर हत्या, आरोपी फरार

बीकानेर (नवयत्न)।

शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार को मामूली कहासुनी ने खूनी रूप ले लिया। लक्ष्मीनाथ जी घाटी क्षेत्र में गुटखा-बिड़ी की बात को लेकर हुए विवाद में एक युवक की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली थानाधिकारी सविता डाल और सीओ सिटी अनुज डाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का जायजा लिया। थानाधिकारी सविता डाल ने बताया कि मृतक की पहचान 35 वर्षीय शाबिर के रूप में हुई है। घटना के बाद मोहल्ले के लोग उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गंदे पानी की समस्या से ग्रामीण परेशान, सौंपा ज्ञापन



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** कासनी गांव के राजपूतों के मोहल्ले में लंबे समय से गंदा पानी जमा होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जमा गंदे पानी में मच्छरों के पनपने से बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है। वहीं बदबूदार पानी और दुर्गंध के कारण मोहल्लेवासी दूषित वातावरण में सांस लेने को मजबूर हैं। सोमवार को समस्या के समाधान की मांग को लेकर ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य सोमवीर लांबा के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और जल्द से जल्द गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था करवाने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई कर मोहल्ले में जमा गंदे पानी की निकासी करवाने की मांग की है। इस मौके पर पूर्व सरपंच चिरंजीलाल शर्मा, सवाई सिंह, महावीर प्रसाद, मंगेज सिंह, मुकेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, महेन्द्र सिंह, हनुमान सिंह, विजय सिंह, रामचन्द्र, इन्द्र सिंह, लक्ष्मीनारायण, अमित सिंह, दुलीचंद, रणवीर सिंह, विक्रम सिंह, देवेन्द्र सहित मौहल्ले वासी मौजूद रहे।

## सहपाठी समूह ने नवागंतुक थाना अधिकारी का किया सम्मान



निसं

**डूंडलोद (नवयत्न)।** यहां के सामाजिक संगठन रामचंद्र गोयनका स्कूल पूर्व सहपाठी समूह की तरफ से मुकुंदगढ़ पुलिस थाना के नवागंतुक थानाधिकारी गोपाल सिंह थालौर का अभिनंदन किया गया। समूह की तरफ से शंकर लाल शर्मा, मुकेश पारीक, सुभाष चंद्र भूत एवं हुसैन खान ने मुकुंदगढ़ थाना परिसर में थाना अधिकारी थालौर का साफा एवं सुमन माल पहनाकर स्वागत कर पद भार ग्रहण करने की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर समूह के सदस्यों की तरफ से थाना अधिकारी को डूंडलोद नगर पालिका क्षेत्र की कानून व्यवस्था से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा डूंडलोद नगरपालिका क्षेत्र में रात्रि में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की गई। थानाधिकारी ने समूह का आभार प्रकट करते हुए क्षेत्र के कानून व्यवस्था से जुड़ी सभी समस्याओं का त्वरित समाधान करने का आश्वासन दिया।

# विधायक गोदारा ने सुनी जनसुनवाई



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** शहर एवं देहात ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय स्थित विधायक आवास पर जनसुनवाई आयोजित की गई । जनसुनवाई के दौरान क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं कस्बों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं विधायक पूसाराम गोदारा के समक्ष रखी। जनसुनवाई में आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजलदेसर में प्रतिदिन 500 से अधिक ओपीडी होने के बावजूद चिकित्सकों के कई पद रिक्त होने, आरडीएसएस योजना के अंतर्गत ढाणी कनेक्शन शुरू नहीं होने, बूंद-बूंद कृषि विद्युत कनेक्शन हेतु डिमांड राशि जमा करवाने के बावजूद उपकरणों के अभाव में किसानों को कनेक्शन जारी नहीं होने तथा पूरे क्षेत्र में आपनी योजना के अंतर्गत उपकरणों की कमी के कारण पेयजल सप्लाई कार्य पूरी तरह ठप्प होने की समस्या से भी विधायक को अवगत कराया गया। इसी प्रकार ग्राम धातरी में 63 केवी विद्युत ट्रांसफार्मर जलभराव वाले स्थान पर नीचे की ओर झुका होने के कारण उसके पानी के संपर्क में आने से जनहानि की आशंका का गंभीर मामला भी रणजीत डूडी द्वारा जनसुनवाई में उठाया गया। विधायक पूसाराम गोदारा ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, अरविंद चाकलान, कयूम गौरी, गोविंद मेघवाल, मदन नायक, भगवाना राम नायक, चरण सिंह कोका, मनोज मेघवाल, चुन्नी लाल धतरवाल, राजेश नायक, रतन लाल सिंवर, बाबू लाल नायक आदि उपस्थित रहे।

# सोनम वांगचुक के समर्थन में सड़क पर उतरे लोग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में सोमवार को राजधानी जयपुर में विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। गांधी सर्किल पर प्रस्तावित शांतिपूर्ण धरने को पुलिस-प्रशासन ने अनुमति नहीं दी और लगाए गए टेंट हटवा दिए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क किनारे और बस स्टॉप के पास खड़े होकर हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की तथा सोनम वांगचुक के समर्थन में अपनी आवाज बुलंद की। जानकारी के अनुसार समग्र सेवा संस्थान, गांधी विचार मंच सहित कई सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गांधी सर्किल पर शांतिपूर्ण धरना प्रस्तावित था। प्रदर्शन के लिए टेंट भी लगाए गए थे लेकिन पुलिस-प्रशासन ने अनुमति नहीं देते हुए टेंट हटवा दिए। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने सड़क किनारे खड़े होकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार पर आंदोलनकारियों से संवाद से बचने और सोनम वांगचुक के शांतिपूर्ण आंदोलन को कमजोर करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध और अपनी बात रखने का अधिकार प्रत्येक नागरिक को है तथा सरकार को आंदोलनकारियों के साथ सार्थक संवाद शुरू करना चाहिए। समग्र सेवा संस्थान के सवाई सिंह ने कहा कि सोनम वांगचुक का आंदोलन केवल लद्दाख तक सीमित नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा का भी आंदोलन है। उन्होंने कहा कि सरकार को असहमति को दबाने के बजाय संवाद के माध्यम से समाधान निकालना चाहिए। शांतिपूर्ण आंदोलन करना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और सरकार को इसका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से सोनम वांगचुक के साथ शीघ्र सार्थक वार्ता शुरू करने, लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करने, शांतिपूर्ण आंदोलनों पर अनावश्यक प्रशासनिक प्रतिबंध नहीं लगाने तथा लद्दाख से जुड़े जनहित के मुद्दों पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लेने की मांग की। गांधी विचार मंच के संजय बाफना ने कहा कि महात्मा गांधी के बताए सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपनी बात रखने वालों के साथ इस तरह का व्यवहार उचित नहीं है। उनका कहना था कि यदि सरकार शांतिपूर्ण अनशन और जन आंदोलन पर भी संवाद नहीं करेगी तो लोकतांत्रिक संस्थाओं पर लोगों का विश्वास कमजोर होगा। उन्होंने सरकार से तत्काल वार्ता शुरू करने और वांगचुक की मांगों पर सकारात्मक पहल करने की अपील की। युवा प्रतिनिधि प्रशंसा मीणा ने कहा कि देश का युवा लोकतांत्रिक अधिकारों और पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों के प्रति जागरूक है। सोनम वांगचुक लगातार पर्यावरण, स्थानीय अधिकारों और जनहित से जुड़े विषयों को उठा रहे हैं। सरकार को उनकी बात गंभीरता से सुननी चाहिए और शांतिपूर्ण विरोध को रोकने के बजाय उसकी भावना को समझना चाहिए। प्रदर्शन के दौरान सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ताओं ने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और संवाद की संस्कृति को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज कराया।

# क्षेत्र में खुशहाली हेतु इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए किया यज्ञ



निसं

**बीदासर ( नवयत्न )।** कस्बे व आस पास के अनेक क्षेत्रों में मानसून की पर्याप्त बरसात अभी तक नहीं होने के कारण क्षेत्र की खुशहाली हेतु इंद्र देव को प्रसन्न करने के लिए सोमवार की देर शाम कस्बे के माणकसर तालाब स्थित स्वयं प्रकट बालाजी मंदिर के आगे क्षेत्रपाल देवी देवताओं को आमंत्रित कर हवन का आयोजन किया गया। हवन में मुख्य यजमान गिरधारी लाल पूनिया ने पंडित नरपत शर्मा, पंडित श्रीकृष्ण शर्मा, पंडित देवकीनंदन शर्मा, पंडित मगाराम शर्मा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन में आहूतियां दी तथा भोमिया महाराज को बाकले का प्रसाद लगाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव, लिछूराम केवटिया, नानूराम भोभारिआ, नोरतन सिंह, कानाराम जाट, दिलीप राजपुरोहित, सुनील सहित अनेक नागरिकों ने यज्ञ में आहुतियां दी। वही कस्बे व आसपास के क्षेत्र में पर्याप्त बरसात नहीं होने से किसानों के चहरों पर मायूसी छाई हुई है।

## गणपतदास महाराज की प्रथम बरसी श्रद्धा के साथ मनाई

निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** सांगलिया धूणी की शाखा, संगलापति आश्रम मुकुंदगढ़ में गणपतदास महाराज की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। आश्रम में रंग बिरंगी फूल मालाओं एवं रोशनी से सजावट की गई। धूणी के महंत खेमदास ने बताया कि सांगलिया धूणी के पीठाधीश्वर ओमदास महाराज के सानिध्य में समाधि पूजन कर भोग लगाकर भंडारा शुरू हुआ। भण्डारे में बड़ी संख्या में भक्तो ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। रविवार रात्रि को विशाल भजन संध्या एवं सत्संग का आयोजन हुआ जिसमें एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। भक्तों ने समाधि स्थल पर धोक लगाकर मनोकामनाए मांगी।

# संघ के खेल कुंभ का आयोजन, 180 युवाओं ने लिया भाग



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में युवाओं में स्वावलंबन, व्यक्तित्व विकास एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय भानीधोरा के पीछे स्थित मैदान में खेल कुंभ का आयोजन किया गया। आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में नगर की 10 बस्तियों की लगभग 20 टीमों के करीब 180 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में रस्साकशी, कबड्डी सहित विभिन्न पारंपरिक खेलों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगत सिंह बस्ती, वीर अर्जुन बस्ती एवं महाराणा प्रताप बस्ती की टीमें विजेता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, विशिष्ट अतिथि भींवराज सोनी एवं जगदेव सांखोलिया ने विजेता टीमों को भारत माता का चित्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कार्यवाह संतोष कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष में आयोजित खेल प्रतियोगिताओं की उपयोगिता तथा भारत के समग्र विकास के लिए पंच परिवर्तन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कबड्डी के निर्णायक कन्हैयालाल चौमाल एवं नागरमल प्रजापत रहे। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह फ्रांसा, ओम महर्षि, महेश सैनी, बंटी नाथोलिया, नितिन कुमार, रामलाल स्वामी, अमित उपाध्याय, प्रवीण सिंवाल, बलवीर स्वामी, ओमप्रकाश जोशी, अरुण पचलंगिया, बादल महर्षि, उदय प्रकाश दाधीच, राजेन्द्र प्रसाद चांदगोठिया, महेश जोशी, लोकेश मंगलहारा आदि उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक महर्षि को सौंपा ज्ञापन

नवरतन वर्मा



**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों के समाधान को लेकर पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि को स्थानीय भाजपा कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने सरकार तक अपनी समस्याएं पहुंचाने और शीघ्र समाधान कराने की मांग की। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता वर्षों से केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य कर रही हैं। इसके बावजूद उनकी जायज मांगों पर अब तक कोई सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि उन्होंने लोकतांत्रिक तरीके से कई बार ज्ञापन, धरना एवं आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया। इस अवसर पर विधायक महर्षि ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मातृ एवं शिशु कल्याण सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, इसलिए उनकी समस्याओं का समयबद्ध समाधान होना चाहिए।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि उनकी आवाज सरकार तक मजबूती से पहुंचाई जाएगी। इस दौरान सैकड़ों आँगनबाड़ी कार्यकर्त्ता उपस्थित थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190